चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 67, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 04 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# उप्र में निराश्रित नहीं होगा एक भी गोवंशः सीएम योगी

## योगी का निर्देश, गोवंश पालकों को हर माह तय समय पर, डीबीटी से मिले धनराशि, एडीओ पंचायत हर माह करेंगे गोवंश सत्यापन, शासन से तुरंत जारी होगा पैसा

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां कहा कि प्रदेश में एक भी गोवंश निराश्रित नहीं होगा, राज्य सरकार सबके आश्रय का समुचित प्रबंध करेगी। उन्होंने एडीओ पंचायत और पशुपालक अधिकारी को हर माह गोवंश सत्यापन का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि गोवंश पालकों को हर माह तय समय पर, डीबीटी से धनराशि मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आज एक उच्चस्तरीय बैठक में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों के प्रबंधन और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन व संग्रह की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशु संवर्धन, संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए।

**प्रदेश में 6719 निराश्रित गोवंश संरक्षण स्थलः**
योगी ने बताया कि प्रदेश के अंदर वर्तमान में 6719 निराश्रित गोवंश संरक्षण स्थल संचालित हैं। इनमें 11 लाख 33 हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। बीते 20 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित विशेष अभियान के तहत 1.23 लाख गोवंश संरक्षित किए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कोई भी गोवंश निराश्रित न हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि जनपद संभल, मथुरा, मीरजापुर, शाहजहांपुर, संतकबीरनगर, अमरोहा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और फरुर्खाबाद में सर्वाधिक गोवंश संरक्षित किए गए हैं। गोवंश संरक्षण के लिए जारी नियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में इसी प्रकार निराश्रित गोवंश का बेहतर प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश स्थलों को



चारा-भूसा व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि सीधे गो-आश्रय स्थलों को उपलब्ध कराई जाए। डीबीटी प्रणाली उपयोग में लाएं। हर माह की 25 से 30 तारीख तक गोवंश का सत्यापन करते हुए विकास खंड स्तर पर पशुपालक अधिकारी और एडीओ पंचायत अथवा बीडीओ द्वारा रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी। इसके बाद, अगले माह की 05 तारीख तक मुख्य पशुपालन अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

**अब तक 274 वृहद गोवंश संरक्षण केंद्र क्रियाशीलः** योगी ने कहा कि गोवंश संरक्षण के लिए प्रदेश में वृहद संरक्षण केंद्र बनाए जा रहे हैं।

यह सुखद है कि अब तक 274 वृहद गोवंश संरक्षण केंद्र क्रियाशील हो गए हैं। आगामी छह माह में शेष 75 वृहद गोवंश स्थल तैयार कर लिए जाएं। इससे आमजन को बड़ी सुविधा मिलेगी।

### दाह संस्कार में गोवंश गोइठा का हो उपयोग

**मुख्यमंत्री** ने अधिकारियों से कहा कि अंत्येष्टि स्थल-श्मशान घाट पर उपयोग की जाने वाली कुल लकड़ी में 50 प्रतिशत गोवंश उपला अथवा गोइठा का उपयोग किया जाए। यह उपला-गोइठा निराश्रित गोवंश स्थल से उपलब्ध कराया जाएगा। गोइठा से होने वाली आय उस गोवंश स्थल के प्रबंधन में उपयोग हो सकेगी।
**कैटल कैचर वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएः** उन्होंने सभी 17 नगर निगमों और नगर पालिका वाले जिला मुख्यालयों पर कैटल कैचर वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## जिन पर एक्शन ले रहे, वे बेहद ताकतवर; पर काम से फोकस न हटने दें: पीएम

# सीबीआई से कोई भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए: मोदी




**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को सीबीआई की स्थापना के 60 साल पूरे होने के डायमंड जुबली प्रोग्राम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने अपने 25 मिनट के संबोधन में सीबीआई के 6 दशक के सफर और आगे आने वाली चुनौतियों को लेकर बात की। उन्होंने सीबीआई से कहा, 'आपको कहीं पर भी रुकने की जरूरत नहीं है। मैं जानता हूं आप जिनके खिलाफ एक्शन ले रहे हैं वे बेहद ताकतवर लोग हैं, बरसों तक वे सरकार और सिस्टम का हिस्सा रहे हैं। आज भी वे कई जगह किसी राज्य में सत्ता का हिस्सा हैं, लेकिन आपको अपने काम पर फोकस रखना है कोई भी भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए।' प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में पोस्टल स्टाम्प और डायमंड जुबली मार्क वाला सिक्का लॉन्च किया। इसके साथ ही शिलॉन्ग, पुणे और नागपुर में सीबीआई के ब्रांच ऑफिस की नई बिल्डिंग का उद्घाटन भी किया।

**6 दशक में सीबीआई का दायरा बहुत बड़ा हुआः** पीएम ने कहा कि देश की प्रीमियम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के रूप में उइक ने 60 वर्ष का सफर पूरा किया है। इन 6 दशक में सीबीआई ने बहुआयामी और बहुअनुशासनात्मक जांच एजेंसी के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। आज सीबीआई का दायरा बहुत बड़ा हो चुका है। महानगर से लेकर जंगल तक सीबीआई को दौड़ना पड़ रहा है।

**सीबीआई यानी न्याय का ब्रांडः** पीएम ने कहा कि सीबीआई ने अपने काम से लोगों के मन में विश्वास जगाया है। लोग आंदोलन करते हैं कि केस बाकी एजेंसियों से लेकर सीबीआई को दे दो। यहां तक कि पंचायत स्तर पर भी कोई मामला आता है तो लोग कहते हैं कि इसे सीबीआई को दे देना चाहिए। न्याय के, इंसाफ के एक ब्रांड के रूप में सीबीआई का नाम हर जुबान पर है। पीएम ने सीबीआई के बेस्ट इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर्स और प्रेसिडेंट पुलिस मेडल के लिए चुने गए अधिकारियों को सम्मानित किया।

**भ्रष्टाचार सामान्य अपराध नहीं, इस पर नकेल कसना बड़ी जिम्मेदारीः मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि मुख्य रूप से सीबीआई की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने की है। भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं होता। भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है। भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है। जहां भ्रष्टाचार होता है, वहां युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलते। वहां सिर्फ एक विशेष इकोसिस्टम ही फलता-फूलता है। भ्रष्टाचार प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है और यहीं से भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को बल मिलता है।

### 'भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा'

भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति में कोई कमी नहीं है। आपको कहीं भी हिचकने, कहीं रुकने की जरूरत नहीं है।' उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे भारत की आर्थिक शक्ति बढ़ रही है, अड़चने पैदा करने वाले भी बढ़ रहे हैं। भारत के सामाजिक ताने-बाने पर, हमारी एकता और भाई-चारे पर, हमारे आर्थिक हितों पर और हमारे संस्थानों पर भी नित्य प्रहार बढ़ते चले जा रहे है... और इसमें जाहिर तौर पर भ्रष्टाचार का पैसा लगता है। इसलिए हमें क्राइम और करप्शन के मल्टी नेचर को समझना होगा और उसके रुटकॉज तक पहुंचना होगा।'

# रामनवमी जुलूस हिंसाः सदन में विपक्ष का हंगामा

**पटना। बिहार** में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई हिंसा को लेकर बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में सोमवार को विपक्षी भाजपा ने जोरदार हंगामा किया। इस वजह से आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधान परिषद की कार्यवाही में शामिल होने के लिए अपना रास्ता बदलना पड़ा। विधानसभा के बाद जैसे ही विधान परिषद की कार्यवाही शुरू हुई तो विरोधी दल के सदस्यों ने हिंसा को लेकर भारी हंगामा शुरू कर दिया। विधान परिषद के बाहर भी भाजपा के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया। हंगामे के बीच सीएम नीतीश परिषद की कार्यवाही में शामिल



होने के लिए पहुंचे, लेकिन भाजपा का हंगामा देखकर उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया और दूसरे रास्ते से परिषद पहुंचे। बिहार में नवरात्र के मौके पर हुए जुलूस में पथराव और दंगे का पूरा असर आज बिहार विधान मंडल के अंदर दिखा। बिहार विधान मंडल की कार्यवाही के दौरान जोरदार हंगामा हुआ।

### बिहार के सासाराम में बम विस्फोट

**पटना।** बिहार के सासाराम में आज (सोमवार) तड़के नगर थाना क्षेत्र के मोची टोला मुहल्ले में छेदीलाल की गली में हुए बम विस्फोट से लोग दहशत में हैं। पुलिस के मुताबिक विस्फोट के निशान एक दीवार पर साफ दिख रहे हैं। विस्फोट की तीव्रता काफी कम थी।

जबकि स्थानीय नागरिकों ने दावा किया है कि आवाज इतनी तेज थी कि महिलाएं और बच्चे सहम गए। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और एसपी मौके पर पहुंचे। सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार का कहना है कि यह सुतली बम था।

# विदेश मंत्री थोड़ा शांत रहें': शशि थरूर



**नई दिल्लीः** पश्चिमी देशों पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की टिप्पणी पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर का बयान आया है। थरूर ने विदेश मंत्री को थोड़ा शांत रहने की सलाह दी और कहा कि हर टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमें किसी की टिप्पणी पर इतना दुबला होने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि सरकार के रूप में वहां (पश्चिमी देशों) से आने वाली टिप्पणियों को सामान्य तरह से लें। अगर हम हर टिप्पणी पर प्रतिक्रिया करते हैं, तो हम खुद का नुकसान कर रहे हैं। मैं विदेश मंत्री जयशंकर से थोड़ा शांत रहने का आग्रह करूंगा।' बता दें कि एक दिन पहले ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पश्चिमी देशों पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि पश्चिम को दूसरों पर टिप्पणी करने की बुरी आदत है। वे सोचते हैं कि यह उन्हें भगवान का दिया किसी तरह का अधिकार है।

**क्या कहा था विदेश मंत्री ने?:** दरअसल, विदेश मंत्री रविवार को बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। यहां उन्होंने दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में टिप्पणी करने की पश्चिम की आदत की आलोचना की है।

जयशंकर ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'मैं आपको सच्चा जवाब दूंगा (हम पश्चिम को भारत पर टिप्पणी क्यों करते देखते हैं)। इसके दो कारण हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि पश्चिम को दूसरों पर टिप्पणी करने की बुरी आदत है। वे सोचते हैं कि यह उन्हें भगवान का दिया किसी तरह का अधिकार है। उन्हें अनुभव से ही सीखना होगा कि अगर वे ऐसा करते रहेंगे तो दूसरे लोग भी कमेंट करने लगेंगे और ऐसा होने पर उन्हें अच्छा नहीं लगेगा और मैं देख रहा हूं कि ऐसा हो रहा है।

### फिर दुनिया के टॉप-5 संक्रमित देशों की सूची में पहुंचा भारत

**नई दिल्लीः कोरोना से** जुड़ी बुरी खबर है। भारत एक बार फिर से दुनिया उन पांच देशों में शामिल हो गया है, जहां इन दिनों सबसे ज्यादा संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं।



आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले 24 घंटे के अंदर देश में कोरोना के रिकॉर्ड केस बढ़े हैं। इस बीच, 3,641 लोग पॉजिटिव पाए गए। इसी के साथ सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 20 हजार 219 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, रविवार को संक्रमण की चपेट में आने से 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें चार केरल, तीन महाराष्ट्र और दिल्ली, कर्नाटक और राजस्थान से एक-एक मौतें शामिल हैं। इसी के साथ कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर पांच लाख 30 हजार 892 हो गई है। दैनिक सकारात्मकता दर 6.12 दर्ज की गई जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता 2.45 प्रतिशत आंकी गई।

## मानहानि केस में राहुल को सूरत सेशन कोर्ट से जमानत

# सजा खत्म करने की अपील पर सुनवाई 13 अप्रैल को

**सूरतः** मानहानि केस में सूरत के सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को सोमवार को 15 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी। यह तब तक रहेगी, जब तक कि राहुल की अर्जी पर फैसला नहीं हो जाता। अब इस मामले में अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। अगली सुनवाई में राहुल का मौजूद रहना जरूरी नहीं है। निचली अदालत से दी गई सजा पर रोक की अर्जी पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। इस अर्जी पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता पूर्णेश मोदी को नोटिस जारी किया है। जिस पर 10 अप्रैल तक उन्हें हलफनामा दायर करना होगा। राहुल ने सोमवार को सूरत सेशन कोर्ट में दो अर्जियां लगाईं। इनमें से एक में जमानत मांगी गई थी, जबकि दूसरी अर्जी सजा को खत्म करने के लिए थी। अपील



करने के लिए राहुल गांधी के साथ बहन प्रियंका गांधी भी सूरत पहुंचीं। राहुल के दिल्ली से सूरत रवाना होने से पहले सोनिया गांधी सुबह साढ़े 10 बजे उनसे मिलने पहुंचीं। 1 घंटे बाद राहुल सूरत के लिए निकल गए। राहुल के अलावा प्रियंका गांधी, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश के उट भी सूरत आए। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने राहुल के आने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। 23 मार्च को मानहानि केस में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई थी। सजा का ऐलान होने के कुछ देर बाद ही उन्हें 30 दिन की जमानत दे दी गई थी। सजा सुनाए जाने के अगले ही दिन लोकसभा से उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थी। राहुल केरल के वायनाड से सांसद थे। इधर, केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। रिजिजू ने कहा- जब आपका (राहुल गांधी) ट्रायल चला तब आपने अपील क्यों नहीं की। कोर्ट ने जब आपको दोषी करार दे दिया, इसके बाद आप यह ड्रामा कर रहे हैं।

## पिछले चुनाव में 14 नगर निगमों पर था भाजपा का कब्जा, इस बार सभी 17 सीटें जीतने की कवायद

# लोकसभा चुनाव से पहले 'शहर की सरकार' पर भाजपा की नजर

**लखनऊ।** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले शहर की सरकार बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की 17 नगर निगम सीटों पर भाजपा की नजर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की बदौलत भाजपा ने तैयारी भी शुरू कर दी है। वहीं सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ पहले ही सभी नगर निगम क्षेत्रों में विकास की सौगात देकर प्रबुद्धजनों से संवाद साध चुके हैं। पहली बार महापौर चुनने वाले शाहजहांपुर के लोगों से भी योगी का संवाद हो चुका है। यहां भी लोगों ने योगी आदित्यनाथ को पहला महापौर व भाजपा का बोर्ड बनाने का आश्वासन दिया।

**प्रबुद्धजनों से संवाद, विकास की सौगात भी दे चुके हैं योगीः** मुख्यमंत्री योगी 17



शहरों में पहले ही प्रबुद्धजनों से संवाद स्थापित कर चुके हैं। उन्हें विकास की सौगात भी दे चुके हैं। प्रबुद्धजन सम्मेलन के जरिए योगी आदित्यनाथ बरेली में 1459 करोड़, प्रयागराज में 1295 करोड़, अयोध्या में 1057 करोड़, गोरखपुर में 950 करोड़, गाजियाबाद में 878 करोड़, मथुरा-वृंदावन में 822.43 करोड़, मेरठ में 517 करोड़, आगरा में 488 करोड़, मुरादाबाद में 424 करोड़, कानपुर में 388 करोड़, झांसी में 328 करोड़, शाहजहांपुर में 308.18 करोड़, फिरोजाबाद में 269 करोड़, सहारनपुर में 145 करोड़, अलीगढ़ में 86.55 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात एक बार में ही दे चुके हैं। पिछली बार नगर निगम की 16 सीटों थीं। इनमें से 14 पर भारतीय जनता पार्टी के महापौर चुने गए थे। अलीगढ़ व मेरठ में बहुजन समाज पार्टी ने जीत हासिल की थी। इस बार शाहजहांपुर में पहली बार वोट पड़ेगा। इस तरह नगर निगम की कुल 17 सीटें हैं।

# हावड़ा हिंसा पर हाईकोर्ट ने मांगी सरकार से रिपोर्ट

## सुवेंदु अधिकारी ने दायर की जनहित याचिका

**कोलकाताः** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार से हावड़ा हिंसा की रिपोर्ट मांगी है। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर हावड़ा हिंसा मामले की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। अधिकारी ने मांग की है कि हिंसा प्रभावित इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए। सुवेंदु अधिकारी की इस जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार से हावड़ा से शिबपुर में हुई हिंसा की रिपोर्ट मांगी है।



अदालत ने मांगे हिंसा से संबंधित सीसीटीवी फुटेज
कलकत्ता हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और जस्टिस हिरनमय भट्टाचार्य की पीठ ने राज्य सरकार से पांच अप्रैल तक हिंसा मामले में रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने यह भी पूछा है कि हिंसा प्रभावित हावड़ा शहर में शांति स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बच्चू लाल की संदिग्ध मौत पर विसरा किया गया सुरक्षित

#### किया गया शव का अन्तिम संस्कार

**मऊआइमा।** दंपति के बीच विवाद में पति की मौत पर पुलिस ने पति के ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर जाहिरा चोट नहीं मिला। जिसपर उसका विसरा नमूना सुरक्षित कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीमीताल रसूलपुर निवासी बच्चू लाल 34 वर्ष पुत्र स्वर्गीय महादेव और उसकी पत्नी रुबी उर्फ चंदा के बीच शनिवार को रात्रि में झगड़ा हुआ था। पत्नी अपने मयके के लोगों को बुलाकर मार पीट थाना पुलिस करायी थी। बाद में समझौता के बाद सभी अपने अपने घर चले गए। बताते हैं कि बच्चू लाल नशेड़ी था। वह ग्राम विश्मभरपुर में कच्ची महुआ की दारू साथियों के साथ पी कर घर आ रहा था।जिससे रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चू लाल मजदूरी में जो पैसा पाता नशा में उडा देता। जिससे रोज घर में रार होती रहती। बताया गया है कि बच्चू लाल तीन दिनों से भोजन नहीं किया था। थाने से छूटते ही दारू पी लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बहरहाल मृतक के भाईयों में विनोद कुमार ने मऊआइमा थाने में मृतक की पत्नी रुबी उर्फ चंदा, उसके पिता सन्त लाल, भाई संजय सभी निवासी बहरिया गौहनिया तथा रूबी के बहनोई दूधनाथ झूंसी के मोहल्ला बदरासुनौटी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को दारागंज में अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

# मेजा में फंदे से लटका मिला महिला का शव

## खुद की साड़ी से लगाई फाँसी ,अब तक क्षेत्र में मिल चुके तीन शव

अखंड भारत संदेश





**सिरसा।** मेजा में दो शवों मिलने का मामला अभी सुलझा नहीं था कि मांडा में महिला का पेड़ से शवलटकने की सूचना ने पुलिस को परेशान कर दिया।पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की अभी पहचान नहीं हो पाई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। मांडा थाना क्षेत्र के खैरुआ गांव स्थित जंगल इलाके में ग्रामीणों ने पेड़ से लटकता करीब 40 वर्षीय महिला का शव देखा। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणोंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मांडा पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। पुलिस ने देखा कि महिला ने खुद की साड़ी पेड़ की डाल में बांधकर फांसी लगाई है। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। बता दें की मेजा तहसील क्षेत्र में लगातार तीन शव मिलने का मामला सुर्खियों में है। पुलिस एक मामले की जांच में जुटी रही कि दूसरे शव के मिलने की सूचना ने पुलिस को हैरत में डाल दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसने जल्द घटना के खुलासे का दावा किया।

## संदिग्ध अवस्था में सड़क के किनारे मिला युवक का शव

**लेडियारी।** खीरी थाना क्षेत्र के कैथवल में सोमवार को सुबह एक युवक का संदिग्ध अवस्था में प्रभावती पेट्रोल पंप के बगल सड़क के किनारे शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सुबह 5बजे ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। जब शव का सिनाख्त किया गया तो लेड़ियारी बाजार निवासी दिलशाद उर्फ राजू 35 पुत्र एजाज अहमद उर्फ पप्पू निकला। मौत का वजह स्पष्ट नहीं हो पायी पुलिस

**तीन वर्ष पहले भी इसी पेट्रोल पंप के पीछे एक महिला का भी शव मिला था।**



ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रविवार को दोपहर तीन बजे घर से भोजन करके निकला था। रात में वह घर नहीं पहुंचा, सुबह परिजनों को सूचना मिली कि पेट्रोल पंप के बगल मृतक पड़ा है। इसकी शादी 6 वर्ष पूर्व हुई थी और इनके 5 वर्ष का एक लड़का है। परिजनों का आरोप है कि इनके गुप्तांग में चोट के निशान हैं और ब्लड से अंडरवियर भीग गया है। इससे स्पष्ट होता है कि की इनकी हत्या की गई है। घटना को लेकर प्रभारी निरीक्षक खीरी विरेंद्र सोनकर ने बताया कि गुप्तांग में चोट का निशान है मौत का वजह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का वजह स्पष्ट होगा। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी पेट्रोल पंप के पीछे लगभग 3 वर्ष पहले भी एक 30 वर्षीय महिला का दुराचार के बाद शव को फेंका गया था। जबकि लेडियारी पुलिस सहायता केंद्र का इस पेट्रोल पंप तक रात मे गस्त करने का रूटीन होने के बावजूद भी पुलिस घटना को नहीं जान पायी। इस घटना से क्षेत्रीय लोगों में तरह-तरह की चचाएँ है।

## न्यूज झरोखा

### माँ गंगा की निर्मलता पर उदासीनता का आरोप

#### गंगा महासभा की बैठक सम्पन्न, 9 अप्रैल को गंगा भक्त समागम मे होगी समग्र चर्चा



**नैनी।** गंगा महासभा प्रयागराज की नवगठित कार्यकारिणी की मासिक बैठक रविवार को मिडिल प्वाइंट रेस्टोरेंट बंधा रोड देवरख नैनी में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भगवती प्रसाद पाण्डेय तथा संचालन पत्रकार गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक मे नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों ने माँ गंगा की अविरलता-निर्मलता को लेकर शासन-प्रशासन की भ्रष्ट एवं उदासीन रवैया पर चिन्ता व्यक्त किया, तथा उपस्थित सभी सदस्यों ने अगले रविवार को आयोजित होने वाली बैठक में प्रस्तावित विषयों पर चर्चा करने हेतु प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रो से जुड़े बौधिक, आध्यात्मिक सन्त-महन्तों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, पत्रकारों, समाजसेवियों, एवं गंगाभक्तों से रविवार 9 अप्रैल को अपरांन्ह 4 बजे नैनी में अरैल घाट स्थित फलाहारी बाबा आश्रम मे पहुचकर सकारात्मक चर्चा मे सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है। बैठक मे विशेष रुप से उपस्थित प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी एवं शिव शंकर पाण्डेय, परमजीत सिंह, शौभिक सरकार, प्रवीण तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, मीना जायसवाल, बविता जायसवाल, विन्दू राठौर, अनीता, मधू द्विवेदी, जय प्रकाश मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, एवं कृष्णा आदि भी उपस्थित रहे।

### नवयुवक ब्राह्मण समाज ने की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बैठक



**सहसों।** नव युवक ब्राह्मण समाज की गारापुर स्थित केंद्रीय कार्यालय पर रविवार को संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष लवकेश मिश्रा की अध्यक्षता में अति आवश्यक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें प्रदेश महामंत्री शेष नारायण त्रिपाठी के आवास पर 8 अप्रैल शनिवार को हमारे देश के प्रथम क्रांतिकारी शहीद पंडित मंगल पांडे का पुण्य तिथि एवं 22 अप्रैल शनिवार को भगवान परशुराम जयंती समारोह के संबंध में चर्चा हुई। इस अवसर पर नव युवक ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने शासन से मांग रखी कि प्रयागराज मंडल में शहीद पंडित मंगल पांडे के नाम पर कोई धरोहर नहीं है इसलिए प्रयागराज - बलिया मार्ग का नाम शहीद पंडित मंगल पांडे जी के नाम पर किया जाए एवं 2014 से लगातार चल रहे जन आंदोलन में नव युवक ब्राह्मण समाज लगातार मांग कर रहा है कि अन्दावां चौराहे पर प्रथम क्रांतिकारी शहीद पंडित मंगल पांडे जी की प्रतिमा स्थापित कर उसका नाम शहीद मंगल पांडे चौराहा किया जाए। इस मौके पर नव युवक ब्राह्मण समाज के कृष्णदेव दूबे, शेष नारायण त्रिपाठी, विजय तिवारी, कृष्ण वल्लभ दूबे, प्रमोद शुक्ला, सूर्यमणि पांडेय, संजय पांडेय, शिशिर मिश्र, शिवम् नंदन त्रिपाठी, डॉ. ए एन मिश्र, प्रवेश शुक्ल, रमाशंकर शुक्ला, विकास त्रिपाठी, आशीष शुक्ल, मनीष कुमार मिश्र आदि लोग रहे।

### नवांगतुक एसडीएम ने अधिवक्ताओं संग की बैठक



**करछना।** एसडीएम करछना शुभम श्रीवास्तव सोमवार को तहसील करछना के बार एसोसिएशन अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ल एवं बार एसोसिएशन के महामंत्री हंसराज सिंह तथा तहसील के समस्त अधिवक्ताओं के साथ तहसील मीटिंग सभागार में बैठक की बैठक में एसडीएम शुभम श्रीवास्तव ने सभी अधिवक्ताओं से अपील किया कि जो भी कार्य लंबे समय से मुकदमे आदि कोर्ट में लंबित हैं उन्हें पारदर्शिता के साथ समय से निस्तारित कराने का सहयोग मांगा तथा उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की जो भी समस्याएं होंगी उसको तत्काल वरिता के साथ निस्तारित किया जाएगा तथा आपसी सामंजस्य बनाकर तहसील के सभी कार्य सुचारू रूप से निस्तारित किए जाने पर बल दिया इस मौके पर तहसीलदार करछना नायब तहसीलदार लेखपाल अधिवक्ताओं में डीआर सिंह मुदित प्रताप सिंह, यादव प्रसाद पटेल, बलजीत सिंह सहित सभी अधिवक्ता बैठक में शामिल रहे।

### विद्यालयों में निकाली गई स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली



**सोरांव।** शिक्षा को नया आयाम देने के लिए नया शैक्षिक सत्र 2023- 24 को सफल बनाने के लिए सोमवार को प्राथमिक विद्यालय बाहर सराय हरिजन बस्ती में स्कूल चलो अभियान के तहत गावों में एक भव्य जागरूकता रैली प्रधानाध्यापिका स्नेह लता के दिशा निर्देश में निकाली गई। तथा स्कूल के सभी शिक्षिकाओं ने अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में जल्द से जल्द करवाने के लिए प्रेरित भी किए। तथा गांव में प्रवेश प्रारंभ का पोस्टर बैनर भी चस्पा किया गया। बाहर सराय स्कूल में कक्षा 5 पास बच्चों का एक भव्य विदाई समारोह भी किया गया जिसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही साथ झांकी भी निकालें। वही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्नेह लता ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कर शैक्षिक सामग्री वितरण का भी कार्यक्रम किए। इतना ही नहीं सत्र के पहले दिन जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों का नामांकन स्कूल में करवाएं है। उनको भी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्नेह लता ने उपहार देकर सम्मानित किए। तथा 5 से 14 वर्ष के बच्चों के नामांकन एवं संचारी रोग के प्रति सभी अभिभावकों संग ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्नेह लता प्रधानाध्यापिका, प्रतिभा जायसवाल, श्वेता, प्रतिभा विश्वकर्मा,मीना शर्मा, मोनू त्रिपाठी संग दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद का शंकरगढ़ में जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** समाजवादी पार्टी के यमुनापार जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद का सोमवार को भव्य स्वागत किया गया। नगर पंचायत शंकरगढ़ में सपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पप्पूलाल निषाद को फूल -माला से लाद दिया। नगर पंचायत शंकरगढ़ के वार्ड संख्या तीन, गुड़िया तालाब में सभासद रानी पांडेय के आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में यमुनापार जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने पार्टी का ?कताओं में जोश भी भरा। स्वागत समारोह के उपरांत हुई बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निषाद सभी नेताओं, कार्यकताओं,निवर्तमान पदाधिकारियों से एकजुट होकर संगठन की मजबूती एवं सन्निकट नगर पंचायत, नगर निकाय एवं 2024 लोकसभा चुनाव में मजबूती के साथ जुटने का आह्वान किया। स्वागत समारोह में निवर्तमान जिला सचिव कामद प्रताप सिंह, जिला सचिव अरविंद मिश्र गुड्डा, कृपाशंकर बिंद, विधानसभा सचिव अनीश खान, अविनाश त्रिपाठी, लोहगरा अध्यक्ष भागीरथी बिंद, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद सिंह पटेल, विधानसभा उपाध्यक्ष बबलू मिश्र, पूर्व ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ गुलाब कली,अजय सिंह पटेल,बाल गोविंद यादव, विजय बागी, मान सिंह यादव, आरएन? सिंह यादव, मुलायम यादव, लाल साहब यादव, अतुल प्रकाश यादव, महीप सिंह, राजकरन सिंह पटेल, संजय सिंह तोमर, प्रभाष सिंह, सभासद रानी पांडेय, सुशील पांडेय, पटेल, वरिष्ठ नेता सपा बसंत लाल केसरवानी, दिनेश सिंह पटेल, शैलेंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव, सत्यरंजन चांदसी, झंडीलाल, शंभूनाथ जायसवाल, कौशल सागर पटेल, श्याम लाल यादव, प्रधान गोपाल द्विवेदी, प्रदीप पांडेय, गोलू केसरवानी मौजूद रहे।

# नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन मेजा इकाई की बैठक मेजारोड में संपन्न

अखंड भारत संदेश




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के मेजारोड़ में राष्ट्रीय संरक्षक जगदंबा प्रसाद शुक्ल एवं जिलाध्यक्ष प्रयागराज अखिलेश मिश्र के निर्देश पर रविवार को मेजारोड बाजार में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के मेजा इकाई की बैठक का आयोजिन किया गया। जिसमें मंडल स्तर,जिला स्तर एवं मेजा तहसील इकाई के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत तिवारी ने किया। बैठक में संगठन के विस्तार एवं पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक श्री तिवारी ने कहा कि पत्रकार निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपना कार्य करे,किसी भी विषम परिस्थिति में संगठन उनके साथ रहेगा। संगठन के मंडल उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र त्रिपाठी ने पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन के मंडल महामंत्री सुशील पांडेय ने कहा कि नेशनल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन पत्रकार हितों कि हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है चाहे वह तहसील,जिला तथा प्रदेश स्तर का ही क्यों न हो,पत्रकार उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शीर्ष नेतृत्व के निर्णय का स्वागत करते हुए मेजा तहसील इकाई के पूर्ववत पदाधिकारियों को पुनः पदस्थापित करते हुए नए सिरे से दायित्व निर्वहन करने की जिम्मेवारी दी गयी। बैठक की शुरूआत में मंडल एवं जिले तथा तहसील के सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार सहित अनेक कार्य योजनाओं जैसे तहसील स्तर पर होने वाले बड़े कार्यक्रम पर चर्चा के साथ तहसील इकाई मेजा के संगठन का कार्यालय खोले जाने के संदर्भ में चर्चा तथा संगठन में अन्य सदस्यो के शामिल होने पर चर्चा की गई। इस मौके पर संगठन के यमुनापार जिलाध्यक्ष प्रेमानंद मिश्र,मेजा, विनोद विश्वकर्मा, अंकित तिवारी,सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालत में ट्रेन से कट कर अधेड़ की मौत

## मऊआइमा के रामनगर गंसियारी गांव निवासी बनवारी लाल रविवार शाम से था गायब

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** रविवार शाम से गायब अधेड का शव रेलवे ट्रेक पर कई हिस्सों में कटा हुआ मिला। शव की शिनाख्त के बाद पुलिस ने सोमवार को सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के रामनगर गंसियारी गांव निवासी बनवारीलाल 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय गोपीनाथ यादव रविवार को शाम से गायब था। बहुत तलाशने के बाद सोमवार को सुबह गांव के पास रेलवे ट्रेक पर कई हिस्सों में कटा हुआ शव मिलने से स्वजनों में कोहराम मच गया। बताया गया है कि रात्रि में किसी ट्रेन की चपेट में आने से बनवारीलाल की मौत हुई है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक ओझाई फूंक झांड भी करता था। परिजनों ने बताया कि उनका दिमाग ठीक नहीं रहता था। मृतक बनवारीलाल की पत्नी फूलकली, बडा पुत्र सूरज यादव, बसंत लाल, चन्द्र प्रकाश पुत्री सोनी का रो रो कर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक ने अभी तक किसी पुत्र और पुत्री की शादी नहीं की थी। सभी खेती किसानी पढाई भी करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बहुत पहले जमीन बेचने को लेकर परिजनों से विवाद भी हुआ था। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी। मऊआइमा पुलिस ने बताया कि अभी तक जांच में मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए छत्रपति शिवाजी महाराज

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में वीर शिवाजी की पुण्यतिथि पर प्रबंधक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगा पार अनिरुद्ध सिंह पटेल सहित अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद करते हुए सत सत नमन किया। इस अवसर पर प्रबंधक ने कहा मराठा साम्राज्य की नींव रखने वाले वीर शिवाजी हिन्दू हृदय सम्राट, धर्म रक्षक, अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध लड़ने वाले पराक्रमी योद्धा एवं मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज सभी धर्मों का सम्मान करने वाले कुशल रणनीतिकार रहे। उन्होंने कहा बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि एवं तेजस्वी वीर शिवाजी को उनकी माता जीजाबाई धार्मिक ग्रंथ की कहानियां सुनाकर अच्छी शिक्षा दीक्षा दी। उन्होंने कहा हम सभी युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर निडर व निर्भीक होकर आगे बढ़ने के लिए सतत प्रयत्न करना चाहिए। इस अवसर पर भूपेन्द्र मिश्रा, विष्णु केसरवानी, सत्यम हिन्दू , शिवनारायण सिंह गप्पू , राघवेन्द्र सिंह सिंगरौर, बृजेंद्र मिश्रा, पुष्कर सिंह, फूल चन्द्र साहू , प्रमोद भारतीया, पुष्पेन्द्र सिंह, शिवबाबू केसरवानी सहित आदि रहे।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की हांथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** राचनपुर, बघेड़ी गांव में मुख्य यजमान रामधर शुक्ल, उर्मिला देवी के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से हुआ इसमें श्रद्धालु जमकर नृत्य करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की झांकी निकाली। इस मौके पर पूरा कथा परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथा वाचिका सुश्री प्रज्ञा देवी श्री धाम वृंदावन ने ध्रुवजी महाराज के वंश में राजा अंग, पृथु चरित्र, प्रियव्रत और जड़भरत, अजामिल एवं भक्त प्रहलाद, भगवान नरसिंह और हिरण्यकश्यप वध वामनावतार भगवान के प्रसंग का वर्णन किया। सुश्री प्रज्ञा देवी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ जन्मोत्सव प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो गए।कार्यक्रम आयोजक सज्जन शुक्ल शिक्षक, समाजसेवी, बिंदु शुक्ल ने आगंतुकों का स्वागत अभिनंदन किया एवं आरती प्रसाद वितरण करवाया।इस अवसर पर मुख्य आचार्य पंडित सुरेश दुबे, प्रियंका देवी, संजय बनकटा, आशुतोष त्रिपाठी, गुड्डू मिश्रा, प्रमोद जायसवाल, अच्छेलाल पटेल, राम जियावन पांडेय, हृदय नारायण मिश्रा, मिस्टर मिश्रा, गोपाल पांडेय, जितेन्द्र दुबे, विनोद दुबे, संजय दुबे, मनीष शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, सत्यम पांडेय, संजय शुक्ल, शिवम शुक्ल, अमन शुक्ल, अंश शुक्ल, अनुभव शुक्ल, अनुराग शुक्ल, आजाद तिवारी, कलेक्टर शुक्ला, अशोक मिश्रा, राजकुमार दुबे, छबीले नाथ पांडेय, राधेश्याम पांडेय, हरिओम पांडेय, इंद्रमणि पांडेय, राममणि पांडेय बृज भूषण पांडेय, भोला नाथ दुबे, जटाशंकर दुबे, राजकुमार दुबे, श्याम शंकर दुबे, सोनू दुबे, अशोक कुमार मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, उधम यादव, रामनाथ यादव, लालमनि यादव, त्रिवेणी नाथ यादव, शिवपूजन गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती : राजकुमार असिस्टेंट कमांडेंट

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** रविवार को आर ए मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में शिवशक्ति छात्रवृत्ति प्रोत्साहन प्रतियोगिता पुरूस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री राजकुमार असिस्टेंट कमांडेंट 43ँ बटालियन ने छात्र एवं छात्राओं को प्रथम,द्वितीय,तृतीय और 10 सांत्वना पुरस्कार वितरण करते हुए अपने सम्बोधन मे कहा की प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती। प्रथम पुरस्कार पाने वाली दीपिका पाल, द्वितीय पुरस्कार पाने वाले प्रतीक मौर्य और तृतीय पुरस्कार पाने वाली ईशा यादव को प्रधानाचार्य द्वारा एक वर्ष का शुल्क माफ एवं 2000 एवं 1000 नगद एवं प्रमाणपत्र, मेडेल,माला-फूल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके शुरूआत किया गया जिसकी अयक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय श्रीमती सुभाष राठी एवं मंच का संचालन कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र ने किया,शिक्षिका अपूर्वा द्वारा प्रशिक्षित नन्हे मुन्हे बच्चों एवं स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सासंकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तो बच्चों के सामाजिक लोकगीत एवं राष्ट्रीय गीत को सभी श्रोताओं द्वारा प्रशंसा किया गया।कार्यक्रम को डॉ० राजीव मिश्रा संयोजक/अध्यक्ष ब्लू क्रॉस संस्था एवं वरिष्ठ पार्षद आनंद घिल्डियाल , सामाजिक एकता परिषद के अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेविका मधू यादव, एस०एन० विद्यार्थी, भरत भूषण , आर्य शेखर,गुफरान खान,प्रेमलता शुक्ला, एवं हिना खान द्वारा संबोधित किया गया।स्कूल के प्रधानाचार्य शिखर सिंह द्वारा सामाजिक कार्य करने वाले शादाब खान, राहुल बनर्जी, घनश्याम मास्टर, राजेश वर्मा, राशिद खान को पुष्पगुच्छ, मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्री नारायण यादव, जावेद सिद्दीकी, रवि कुमार.लेखक, समाजसेविका अनुराधा, राहुल देव आजाद, स्वेताक्षी सिंह, ज्ञानेंद्र गौतम, इरशाद अहमद, दीपक, गुडडू पंडित, चंदन निषाद, भाष्कर दत्त सिंह ,नागेंद्र प्रताप पाल, सृजन सिंह,कमलेश कुमार, फिजा बानो, काजल निषाद, रोशनी प्रजापति, विमलेश कुमार, आरती,राकेश कुमार व आदि सैकडों अभिभावक एवं छात्र छात्राओं के साथ स्कूल के अध्यापकगण मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर मार पीट तोडफोड चार के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**मऊआइमा।** जमीन के विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को मारा पीटा और गृहस्थी का सामान तोड दिए। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली निवासी सूरजदीन पुत्र साधू यादव का आरोप है कि आबादी की जमीन को लेकर पडोसियों ने मारा पीटा तथा तोडफोड किए। बोलने पर गालियां दी एंव जान से मारने की धमकी भी दी। सूरजदीन ने मऊआइमा थाने में महेंद्र कुमार, अनुज कुमार, वीपी ,ललित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों को वितरित किया गया साइकिल व टेबलेट

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** श्रीमती जय काला देवी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज पांडर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को साइकिल, टेबलेट तथा पुरस्कार का वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आये हुए अतिथियों की जमकर ताली बटोरी तथा विद्यालय के प्रबंधक भूपेन्द्र त्रिपाठी ने क्षेत्र के एक गांव को निःशुल्क शिक्षा के लिए गोद लिया। श्रीमती जयकाला देवी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज पांडर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडे जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री पांडेय ने विद्यालय की अब तक की प्रगति रिपोर्ट की सराहना करते हुए इसकी निरंतरता बनाए रखने पर विद्यालय प्रबंधन को बल दिया । उन्होंने यह भी कहा कि मजबूत समाज की संरचना शिक्षा की मजबूत बुनियाद पर ही खड़ी होती है । इसलिए विद्यालय का प्रथम दृष्टिकोण विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम पंक्ति में लाना होना चाहिए । विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी के अस्वस्थ होने के कारण नहीं पहुंच पाई तथा उन्होंने विद्यालय के कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधन किया। जय काला देवी के प्रबंधक भूपेंद्र त्रिपाठी ने खटॅगिया गांव को गोद लिया। बताया कि खटॅगिया गांव के कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों की शिक्षा उनके विद्यालय में पूरी तरह निःशुल्क होगा। प्रबंधक श्री त्रिपाठी जी के इस कार्य की क्षेत्र की जनता ने जमकर सराहना किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को मुख्य अतिथि संत प्रसाद पांडेय तथा विशिष्ट अतिथि छतहरा ग्राम सभा के प्रधान विकास सिंह द्वारा साइकिल और टेबलेट दे करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार गुरमीत सिंह तथा संचालन डायरेक्टर दीपक त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर पंडित हरीराम त्रिपाठी,राजाबाबू पाठक, जितेंद्र केसरवानी, विकास सिंह, आनंद जायसवाल, गया प्रसाद त्रिपाठी , श्याम बिहारी पांडे , संजय विश्वकर्मा, सुरेंद्र कुमार केसरवानी, सत्येंद्र प्रताप सिंह , अनूप जायसवाल , कार्तिकेय मिश्रा, बब्बन सिंह, नीरज केसरवानी , शिवाकांत मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# अतीक के गुर्गों से 24 घंटे होगी पूछताछ

## अरशद कटरा, नियाज, सजर, कैश और राकेश की रिमांड मंजूर, उमेश पाल हत्याकांड में हुई थी गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** भाजपा नेता व एडवोकेट उमेश पाल मर्डर केस में 21 मार्च को गिरफ्तार अरशद कटरा, नियाज अहमद, मोहम्मद सजर, कैश मोहम्मद व राकेश कुमार से पुलिस अब 24 घंटे तक पूछताछ करेगी। प्रयागराज की सीजेएम कोर्ट ने 24 घंटे की सभी पांचों आरोपियों की रिमांड मंजूर की है।शूटरों से संपर्क के आरोप में गिरफ्तार किए गए थे गुर्गे पकड़े गए पांच लोगों में से दो गुर्गे उमेश पाल हत्याकांड की पूरी कहानी जानते हैं। वे लगातार शूटरों के संपर्क में थे। गिरफ्तार किया गया शख्स, माफिया डॉन अतीक अहमद के चकिया इलाके का ही रहने वाला है। उसके बाबा और पिता भी अतीक के लिए काम करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के नाम नियाज अहमद, मोहम्मद सजर, कैश अहमद, राकेश कुमार और अरशद कटरा उर्फ अरशद खान हैं।पुलिस के मुताबिक नियाज अहमद ने उमेश पाल हत्याकांड से पहले रेकी की थी। अतीक के बेटे असद ने सजद को आईफोन दिया था। सजर ने ही उमेश पाल की लोकेशन दी थी। अरशद खान उर्फ अरशद कटरा भी इस हत्याकांड की साजिश में शामिल था।कैश अहमद अतीक का ड्राइवर था। वह पिछले 16 साल से अतीक के लिए काम कर रहा था। कैश अहमद की निशानदेही पर ही पुलिस ने अतीक अहमद के चकिया स्थित मकान पर भारी मात्रा में कैश और हथियार बरामद किया था। राकेश कुमार अतीक के लिए 19 साल से काम रहा था। असलहों को छिपाने में इसकी अहम भूमिका थी।

### माफिया अतीक का बहनोई अखलाक नैनी सेंट्रल जेल पहुंचा

माफिया अतीक अहमद के बहनोई अखलाक को लेकर पुलिस सोमवार को नैनी सेंट्रल जेल पहुंच गई है। उसे मेरठ में रविवार को गिरफ्तार किया गया था। अखलाक पर उमेश पाल हत्याकांड में शामिल बमबाज गुड्डू मुस्लिम को शरण देने और फंडिंग का आरोप लगा है। अखलाक के घर की दो सीसीटीवी फुटेज सामने आई थी जिसमें गुड्?डू मुस्लिम 5 मार्च को अखलाक के मेरठ वाले घर में गेट से प्रवेश करते दिख रहा है। इसके बाद ड्राइंग रूम में आकर बैठ जाता है। उसके हाथ में एक बैग भी रहता है। इसके बाद अखलाक ऊपरी मंजिल से नीचे आते हैं और गुड्डू मुस्लिम से गले मिलते हैं।

### साबरमती जेल पहुंची प्रयागराज पुलिस

माफिया अतीक अहमद से पूछताछ के लिए प्रयागराज पुलिस की टीम गुजरात की साबरमती जेल पहुंच गई है। उसे उमेश पाल हत्याकांड में वारंट बी के तहत पूछताछ के रिमांड मांगने की तैयारी है। रिमांड मंजूर होने के बाद माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ से पुलिस पूछताछ करेगी।

# बमबाज गुड्डू का अतीक के बहनोई से मिलने का वीडियो वायरल






**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के शूटर बमबाज गुड्डू मुस्लिम का एक वीडियो सामने आया है। यह उमेश की हत्या के 9 दिन बाद यानी 5 मार्च का है। इसमें बमबाज गुड्?डू अतीक अहमद के बहनोई एकलाख से गले मिलता नजर आ रहा है। सीसीटीवी की यह फुटेज एसटीएफ को मेरठ में एकलाख के नौचंदी स्थित घर से मिली है। रविवार को पुलिस ने एकलाख को मेरठ से गिरफ्तार किया था। सूत्रों के मुताबिक, यह फुटेज एसटीएफ के लिए बेहद अहम है। क्योंकि, यह पहला फुटेज है हो उमेश पाल की हत्या के बाद का है। उमेश पाल की हत्या के 38 दिन बाद भी अतीक के बेटे असद समेत अभी 5 शूटर्स फरार हैं। उधर, अतीक अहमद से पूछताछ के लिए प्रयागराज पुलिस साबरमती जेल पहुंची है।एकलाख का घर नौचंदी इलाके के भवानीनगर में है। उसके घर के बाहर लगे सीसीटीवी में एक शख्स काले रंग की टी-शर्ट और कैप में घर के अंदर आता दिख रहा है। कैप उतारने के बाद उसका चेहरा साफ दिखता है। वो गुड्?डू मुस्लिम है। घर के अंदर मौजूद एक बुजुर्ग महिला के पास बैठ जाता है।कुछ देर में घर की सीढ़ियों से नीली टी-शर्ट में एकलाख उतरता है। दोनों गले मिलते हैं। फिर कुछ मिनट वहीं पर बातचीत करते है। इसके बाद लॉबी से निकलकर दोनों एक कमरे में चले जाते है। पुलिस को इस कमरे में कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं मिली है। एसटीएफ को अब तक की जांच में पता चला है कि उमेश की हत्या के बाद बमबाज गुड्?डू एकलाख के मेरठ स्थित घर में 2 दिन ठहरा था। एसटीएफ ने एकलाख का मोबाइल जब्त कर लिया है। उसकी जांच की जा रही है। अतीक का बेटा असद भी एकलाख के घर में रुका था सूत्रों के मुताबिक, उमेश की हत्या करने के बाद अतीक का बेटा असद और दो अन्य साथी भी एकलाख के घर में रुके थे। हालांकि, इससे जुड़ा कोई फुटेज सामने नहीं आया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। एसटीएफ ने एकलाख के मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। उम्मीद है कि शूटर्स की भागने की लोकेशन मिल सकती है।

# 5 अवैध क्लीनिक सील,स्वास्थ्य विभाग ने की छापेमारी

### झोलाछाप डॉक्टर करते मिले हड्डी का इलाज

**प्रयागराज।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को देर शाम बड़ी कार्रवाई की गई। सीएवी इंटर कॉलेज के पास स्थित गोबर गली में एक साथ पांच अवैध क्लीनिक सील कर दी गई। पुलिस फोर्स की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग की अधिकारियों ने अवैध रूप संचालित क्लीनिकों पर ताला लगाकर पूरी तरह से सील कर दिया। दरअसल, यहां पांच क्लीनिक चल रहे थे जो स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत नहीं थे। इतना ही नहीं कोई डिग्रीधारी डॉक्टर यहां मौजूद नहीं थे। यहां सिर्फ हड्डी के मरीजों का इलाज किया जाता था। इलाज करने वाले झोलाछाप थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय के निर्देशन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (पंजीकरण) डॉ. तीरथलाल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई है। छापेमारी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरूण कुमार तिवारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन गिरि, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश जायसवाल व पंकज पांडेय मौजूद रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत भरसवा विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरसवा विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 04/04/2023 से 11/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13/04/2023 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**विष्णु दत्त शुक्ला**
पंचायत सचिव
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

**अनीता देवी**
ग्राम प्रधान
ग्रा0 पं0 भरसवा विकास खण्ड
मंझनपुर जनपद कौशाम्बी


## न्यूज झरोखा

### नैनी नए यमुनापुल से महिला ने लगाई छलांग मौत



**नैनी।** थाना क्षेत्र के नए यमुनापुल से सोमवार को एक महिला ने नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से महिला के शव को नदी से बाहर निकला। कूदने के दौरान पुल पर मिले बैग के अंदर कागजाद और मोबाइल की मदद से उसकी शिनाख्त कराई गई। पुलिस के मुताबिक प्रयागराज के कर्नलगंज में रहने वाली रितु यादव (38) की शादी वाराणसी जनपद के मुकीमगंज के रहने वाले राकेश कुमार यादव से हुई थी। दोनों को दो बेटियां हुई। पुलिस से परिजनों ने बताया कि मुताबिक रितु वाराणसी लहुराबीर स्थित बाबा शिव मंदिर में हर सोमवार रुद्राभिषेक करने जाती थी। आज भी वह रुद्राभिषेक करने निकली थी। वह घर नही पहुंची और नैनी पुल आकर यहां से छलांग लगा दी। पुलिस ने शव को नदी से निकाल कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ओलावृष्टि और बारिश से प्रभावित किसानों को जल्द मिलेगा क्षतिपूर्ति : एसडीएम

**एसडीएम करछना शुभम श्रीवास्तव ने खेतों में जाकर लिया जायजा**



**करछना।** तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पिछले दिनों ओलावृष्टि और बिना मौसम हुई बारिश से नष्ट हुई फसलों की हकीकत देखने के लिए सोमवार को एसडीएम शुभम श्रीवास्तव ने राजस्व टीम के साथ खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित किसानों से संवाद करके हर संभव मदद का भरोसा दिया। एसडीएम ने कहा कि जिन किसानों को नुकसान पहुंचा है, उनकी रिपोर्ट बनाकर शासन से मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। करछना के बस्तर,महोरी,खाई, बरांव,, देवरी खुर्द, ककरम, सुलमई समेत दर्जनों गांवों में बारिश के कारण फसलें जमींदोज हो गई हैं। गेहूं की अध पकी बालियां टूट कर खेतों में गिर गई हैं। क्षेत्र के किसान शिव बाबू सिंह, बजरंगी, राज कुमार सिंहआदि ने एसडीएम से मिलकर बताया कि उनकी फसलों को काफी क्षति पहुंची है। खेती बर्बाद होने के कारण उनके पास आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसके बाद एसडीएम शुभम श्रीवास्तव, कानूनगो प्रमोद सिंह, नेपाल अब्दुल कादिर, ग्राम प्रधान पंकज पांडेय आदि निदौरी, देवरी खुर्द के गांवों में भ्रमण कर स्थिति का आकलन किया। एसडीएम ने सभी लेखपाल और कानूनगो को निर्देशित किया कि क्षतिपूर्ति के लिए प्रभावित गांवों के किसानों से संपर्क करके रिपोर्ट तैयार करें। जिससे किसानों को समय पर मुआवजा देकर उन्हें आर्थिक संकट से उबारा जा सके।

### लाखों के जेवरात के साथ पांच गिरफ्तार




**झूंसी।** पुलिस ने कनिहार गांव में हुई चोरी की सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर ही चोरों के गैंग को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। पुलिस ने लाखों के जेवरात व नगदी भी बरामद किया है। इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह ने रविवार को चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कनिहार का रहने वाला अनीश दुबई में रहता है। घर में उसकी पत्नी व बच्चे रहते थे। 15 दिन से पत्नी को भी डिलीवरी के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। रविवार को अनीश के भाई अतीक ने चोरी की सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जाच कर कुछ किशोरों को पकड़ थाने लाया। पूछताछ में पता चला कि गांव का ही सुफियान चार किशोरों के साथ मिलकर हफ्तों से घर को खंगाल रहा था और घर से चुराए गए सोने, चांदी के जेवरात व नगदी घर के पीछे ही खेत में गाड़ रखा था। पकड़े गए सुफियान की निशानदेही पर चौकी इंचार्ज चमनगंज योगेंद्र सिंह, दरोगा अमित यादव ने 5 लाख से अधिक के जेवरात व 22 हजार नकदी बरामद किया।

# उपमुख्यमंत्री ने बेली अस्पताल का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

### चिकित्सालयों में साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश



**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रामा सेंटर में वार्डों का निरीक्षण किया तथा वहां पर भर्ती मरीजों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत करते हुए किए जा रहे इलाज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ब्लड बैंक सहित अन्य कक्षों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालयों में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाये रखने के निर्देश दिए है। कहीं-कहीं पर साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने सम्बंधित एजेंसी का एक दिन का भुगतान रोके जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अभियान चलाकर अस्पतालों में साफ-सफाई कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने विद्युत के अव्यवस्थित तारों एवं टूटी हुई फर्शों को तत्काल ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के द्वारा बाहर की कोई भी दवा नहीं लिखी जायेगी। सभी दवाओं की अस्पताल में ही व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका गोहरी, सोरांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, भोजनालयें सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय मोहनगंज, विकास खण्ड सोरांव का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में बच्चों से बात भी किया। बच्चों को खाने, डेस सहित अन्य उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। तत्क्रम में ग्राम पंचायत सचिवालय असवा उर्फ हाजीपुर में बच्चों को अन्नप्रासन संस्कार कराया तथा वहीं पर चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुना एवं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाएं जन-जन तक पहुंचें एवं कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाये तथा पारदर्शिता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन हो। उन्होंने वहां उपस्थित लोगो से जानकारी ली कि शौचालय, पेंशन सहित जो भी योजनाएं है, वे जन-जन तक पहुंच रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी एवं पंचायत सचिव ये सुनिश्चित करें कि जो भी पात्र लाभार्थी है, उन सबको योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिया जाये, जिससे लोगो का भरोस बढ़े। उन्होंने कहा कि एक भी निराश्रित गोवंश सड़क पर छुट्टा घूमते हुए न मिले। उपमुख्यमंत्री जी ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं बीडीओ को निराश्रित गोवंशों को गोआश्रय केन्द्रों में संरक्षित किए जाने के लिए कहा है।तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री जी ने असंवा, हाजीपुर स्थित गेंहू क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया तथा वहां पर गेंहू क्रय हेतु की गयी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम पंचायत असवां उर्फ हाजीपुर में गो-आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गो आश्रय केन्द्र में गायों को गुड़ खिलाया तथा एम0एल0सी0 सुरेन्द्र चौधरी ने भी गुड़ खिलाया। उपमुख्यमंत्री जी ने पशुओं के चारे, टीकाकरण सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पाण्डे सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण एवं ब्लाक प्रमुख सोरांव, ग्राम प्रधान, उमेश तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत टेवा विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टेवा विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 04/04/2023 से 12/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 14/04/20203को 11 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**विष्णु दत्त शुक्ला**
पंचायत सचिव
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

**बिट्टन देवी**
ग्राम प्रधान
ग्रा0 पं0 टेवा , विकास खण्ड
मंझनपुर जनपद कौशाम्बी


### नैनी प्रयागराज में दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे सॉल्वर गिरफ्तार

**नैनी।** उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ केंद्रीकृत भर्ती में दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे युवक समेत तीन को एसटीएफ और नैनी पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ ने झलवा से एक सॉल्वर को पकड़ा तो नैनी पुलिस ने सॉल्वर और अभ्यर्थी दोनों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कूटरचित आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेजमिले हैं पहला चरण पास कर दूसरे चरण में पकड़ा गया सीओ एसटीएफ नवेंदु सिंह ने बताया कि झलवा स्थित जीनियस पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित परीक्षा में सॉल्वर गैंग की सूचना पर रविवार शाम को प्रयागराज एसटीएफ ने छापामारी करके वसीम की जगह परीक्षा दे रहे नालंदा, बिहार निवासी सुजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बीएससी पास सुजीत कुमार मुरादाबाद में पीतल फैक्ट्री में काम करता था। मुरादाबाद के वसीम के कहने पर सुजीत उसकी जगह पर उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ केन्द्रीकृत भर्ती की परीक्षा देने के लिए तैयार हो गया। सुजीत और वसीम की फोटो मिक्स करके कूटरचित आधार कार्ड तैयार कराया गया। इसकी प्रथम चरण की परीक्षा दिसंबर 2022 को वाराणसी में हुई थी। उस वक्त फर्जी कागजात की मदद से वसीम की जगह सुजीत ने परीक्षा दी और पास हो गया। बदले में सुजीत को 20 हजार रुपये मिले थे। दूसरे चरण की परीक्षा देने वह प्रयागराज पहुंचा था। इस परीक्षा में पास होने पर उसे दो लाख रुपये मिलने थे। लेकिन सटीक सूचना पर एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# नैनी जेल में रात से भोर तक छापामारी कर ली गई तलाशी

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** जेल में छापामारी कर तलाशी ली गई अतीक अहमद के बेटे अली और मुख्तार के साले आतिफ रजा की बैरक में चेकिंग की गई। पुलिस इन बंदियों के मोबाइल इस्तेमाल करने की जांच के लिए हर जगह तलाशी करने में लगी थी। पांच घंटे तक चली छापामारी में पुलिस को चम्मच से बनाए गए 15 चाकू, 11 लाइटर और भारी मात्रा में बीड़ी, माचिस व अन्य आपत्तिजनक सामान मिले हैं। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है उमेश पाल की हत्या के बाद यह खुलासा हुआ कि अहमदाबाद जेल में बंद अतीक अहमद और बरेली जेल में बंद अशरफ ने जेल से ही मोबाइल से शूटरों को निर्देश दिया था। जेल से ही साजिश रची गई थी। जेलों में मोबाइल इस्तेमाल करने की जांच के लिए कई बार छापमारी की गई, लेकिन मोबाइल नहीं मिले। शनिवार को छापामारी के लिए विशेष टीम बनाई गई। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, आईजी रेंज चंद्र प्रकाश, मंडालायुक्त विजय विश्वास पंत, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी संजय खत्री, डीसीपी नगर दीपक भूकर समेत अन्य अधिकारियों ने एक साथ शनिवार रात 11 बजे नैनी जेल में छापामारी कर दी। नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह समेत अन्य अफसरों की मौजूदगी में गहन चेकिंग अभियान चला। अतीक के बेटे अली को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। वहां पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। छापामारी अतीक के बेटे अली और उसके गुर्गों पर केंद्रित थी। हालांकि अली के पास से पुलिस को मोबाइल नहीं मिला, लेकिन जेल में बंदियों ने बर्तन को घिस कर उसे हथियार बना लिया था। चाकू, लाइटर, माचिस और मादक पदार्थ बरामद किया गया। रात 11 बजे से लेकर तड़के चार बजे तक यह छापामारी चली। उमेश पाल हत्याकांड में पकड़े गए अतीक के नौकर व चालक समेत अन्य आरोपी वहीं पर बंद हैं। नैनी जेल प्रशासन ने कुछ दिन पहले ही नैनी के एक युवक को घी के डिब्बे में मोबाइल और चार्जर ले जाते हुए पकड़ा था।

# जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों के सम्बंध में की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 की तैयारियों के सम्बंध में आरओ, एआरओ तथा प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निकाय निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारियों को अपने कार्यों से सम्बंधित तैयारियों को समय से सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मतदान कार्मिकों का ठीक ढंग प्रशिक्षण कराये जाने हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के साथ-साथ कम्यूनिकेशन प्लान को भी व्यवस्थित ढंग से बनाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कंट्रोल रूम बनाने तथा उसमें सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में कार्मिक व्यवस्था, यातायाता व्यवस्था, संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथा आदर्श आचार संहिता अनुपालन, शांति व्यवस्था, निर्वाचन व्यय लेखा, टेण्टेज, बैरिकेंटिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं से सम्बंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीएम आपूर्ति जे0पी0 सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत छिमिरिछा विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छिमिरिछा विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 04/04/2023 से 11/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13/04/20203को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**मोहम्मद नसर**
पंचायत सचिव
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

**विमल कुमार**
ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0 छिमिरिछा
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

# कार्यालय ग्राम पंचायत हथसरा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 03-04-2023

ग्राम पंचायत **हथसरा** में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/14/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **हथसरा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04-04-2023 से दिनांक 18-04-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 19-04-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 19-04-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | 1.76 लाख | 1 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत हथसरा में लालता प्रसाद के घर से त्रिलोकी नाथ के घर तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य | 1.81803 लाख | 1 माह |
| 3. | शिवशंकर पटेल के घर से सूर्यबली के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 1.33450 लाख | 1 माह |

**शिव गणेश पटेल**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हथसरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

**कमल सिंह**
सचिव
ग्राम पंचायत हथसरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# पिछली सरकारें अपराधियों को पालती थी, वही अपराधी आज जेलों में हैं: उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रताप बहादुर अस्पताल के नए भवन का किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एक दिवसीय दौरे पर आए प्रदेष के उप मुख्यमंत्री ब्रजेष पाठक ने आज भाजपा कार्यालय में कहा कि सपा अपराधियों व माफियाओं को पालती थी जिससे जनता असुरक्षित थी। भाजपा की सरकार में आज वही गुण्डा माफिया जेलों में हैं और पूरे प्रदेष में शांति है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देषन में प्रदेष सरकार के मुखिया योगी महराज प्रदेष में विकास की गंगा बहाने में लगे हैं। आज प्रदेष मे कानून का राज है। उन्होंने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर सांसद कौषाम्बी विनोद सोनकर, विधायक सदर राजेन्द्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, भाजपा के मीडिया प्रभारी हरिओम सोनकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री पवन गौतम ने किया। इसके पहले राजकीय मेडिकल कालेज के प्रताप बहादुर अस्पताल के नये भवन का उप मुख्यमंत्री ने विधि विधान से पूजन अर्चन किया। उसके बाद पूरे केषवराय जाकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक धीरज ओझा, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, सीडीओ ईषा प्रिया, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 सलिल श्रीवास्तव, सीएमओ जीएम शुक्ला, सीएमएस व अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। प्रारंभ में उप मुख्यमंत्री आज पूर्वान्ह में प्रयागराज से प्रतापगढ़ आते समय मानधाता के कस्तूरबा गांधी विद्यालय पहुंचे, जहां निरीक्षण के बाद दोपहर बारह बजे राजकीय मेडिकल कालेज के प्रताप बहादुर अस्पताल आए थे। यहां उन्होंने उद्घाटन के बाद ओटी का भी निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने पूरे केषवराय में ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जो विभिन्न आयोजन में अच्छा प्रदर्षन किये थे। राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य सलिल श्रीवास्तव ने पठन-पाठन के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों की उप मुख्यमंत्री को जानकारी दी। इस अवसर पर कौषाम्बी सांसद के अलावा विधायक सदर राजेन्द्र मौर्य, विष्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, डीएम डा0 नितिन बंसल, एसपी सतपाल अंतिल आदि मौजूद रहे। बाद में उप मुख्यमंत्री विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों तथा कानून व्यवस्था पर चर्चा की।



प्रताप बहादुर अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर डिप्टी सीएम को सौपा गया ज्ञापन

**रूरल बार एसोशिएसन ने उप मुख्यमंत्री के समक्ष सुरक्षा मुददे पर उठाई आवाज**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर सोमवार को वकीलो ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन सौपा। अधिवक्ताओं ने जिले के दौरे पर आए डिप्टी सीएम से विकास भवन मे मिलकर सौपे गए ज्ञापन मे यूपी मे सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लेकर केंद्र से संस्तुति करने की मांग उठाई।

आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में एसोशिएसन की ओर से सौपे गये ज्ञापन मे कहा गया है कि संसद का बजट सत्र चल रहा है, ऐसे मे प्रदेश सरकार मंत्रिपरिषद के द्वारा एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट के लिए केंद्र को संस्तुति प्रस्ताव भेजवाये। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने ज्ञापन पर सरकार की ओर से विचार किये जाने का भरोसा दिलाया। ज्ञापनदाताओं मे राष्ट्रीय महासचिव एवं लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, दिवाकर सिंह, अरूण सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, अमजद खान, मनोज कुमार, राहुल गुप्ता, अरूण पासवान, आशीष श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह भोले आदि अधिवक्ता रहे।



प्रतापगढ़ में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

## मो0 फहद ने स्कूल में किया टाप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ कक्षा-7 के यूपी बोर्ड के अंग्रेजी मीडियम के छात्र मोहम्मद फहद अनीस ने विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाकर टॉप किया है उनके पिता डॉ मोहम्मद अनीस जो की राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में अंग्रेजी प्रवक्ता पद पर तैनात है प्रसन्नता व्यक्त की है साथी साथ डॉक्टर विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रानीगंज एवं गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, प्रतापगढ़ एवं शिक्षा विभाग के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने बधाइयां दी है।

## अशोक चक्र श्रृंखला के पुरस्कारों हेतु सिफारिशें 30 अप्रैल तक भेजें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि सामान्य प्रशासन अनुभाग उ0प्र0 शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2023 के अवसर पर घोषित किये जाने वाले अशोक चक्र श्रृंखला के अन्तर्गत देय पुरस्कारों यथा अशोक चक्र, कीर्ति चक्र एवं शौर्य चक्र की सिफारिश हेतु सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारियां को नामित किया गया है। इच्छुक पात्र व्यक्ति अपने क्षेत्र के उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर 30 अप्रैल 2023 तक नियत प्रारूप पर प्रस्ताव भेजवायें। अशोक चक्र श्रृंखला के शौर्य पुरस्कार देश के सर्वोच्च शौर्य पुरस्कारों में से है। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते है अर्थात अशोक चक्र (यह अत्यधिक वीरतापूर्ण कार्य या साहसिक कार्य या उत्कृष्ट कार्य या आत्म बलिदान के कार्य के लिये प्रदान किया जाता है), कीर्ति चक्र (यह अत्यधिक उत्कृष्ट शौर्य के लिये प्रदान किया जाता है) और शौर्य चक्र (यह शौर्य के लिये प्रदान किया जाता है)। इन पुरस्कारों की घोषणा भारत सरकार द्वारा हर वर्ष गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर की जाती है। रक्षा कार्मिकों के अतिरिक्त समाज के सभी क्षेत्रों के आम महिला या पुरूष और पुलिस बलों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा रेलवे सुरक्षा बल के सदस्य भी इन पुरस्कारों की पात्रता के दायरे में आते है।

## घरेलू विवाद को लेकर बहू को ससुर व पति ने मारकर किया घायल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के गांव डडवा महोखरी में घरेलू विवाद को लेकर ससुर व पति ने मारपीट कर घायल कर दिया पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली पट्टी क्षेत्र के गांव डडवा महोखरी निवासनी अनीता यादव पत्नी धर्मेंद्र यादव पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया है कि घरेलू विवाद को लेकर के कई दिन से मुझे प्रताड़ित कर रहे थे रविवार की सुबह ससुर भोला नाथ यादव व पति धर्मेंद्र यादव मिलकर दोनों ने मुझे मारपीट कर घायल कर दिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# 50 वर्ष पूरे हाने पर उद्योग व्यापार मण्डल ने निकाली रथ यात्रा, शहीद व्यापारी को दी गई श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ प्र उद्योग व्यापार मण्डल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत व्यापार मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद बिहारी मिश्र अपनी रथ यात्रा चिलबिला बाजार में समाप्त करने के उपरांत चिलबिला बाजार के श्री राम रिजॉर्ट में रात्रि विश्राम किया।सोमवार को सुबह पट्टी तहसील के बाजार में रायपुर रोड पर जो व्यापारी आंदोलन के दौरान शहीद हुए थे उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए क्रमश शहीद अशोक खण्डेलवाल व शिव सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए इसके उपरांत यात्रा नगर भ्रमण करते हुए चिलबिला बाजार पहुंची वहां पर चिलबिला के सभी पदाधिकारी वहां एकत्रित होकर यात्रा के साथ चलने वाले सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं माल्यार्पण करते हुए उनका स्वागत सम्मान करते हुए यात्रा का जिले में समापन किया गया। इस यात्रा में जिला और नगर के पदाधिकारी क्रमश उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला वरिष्ठ महामंत्री अशोक कुमार सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनजीत सिंह गोविंद, जिला कोषाध्यक्ष संदीप रावत, जिला मंत्री सौरभ सिंह जिला युवा अध्यक्ष पंकज मिश्रा, जिला युवा महामंत्री लोकेश, नगर अध्यक्ष अमर केसरवानी, नगर महामंत्री जगमीत सिंह सलूजा, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप खण्डेलवाल, नगर कोषाध्यक्ष शरद केसरवानी, चिलबिला बाजार से अध्यक्ष छोटे लाल सोनी, चिलबिला महामंत्री नंदलाल, कोषाध्यक्ष बलराम सोनी आदि कई सदस्य उपस्थित रहे।



शहीद व्यापारी के चित्र पर माल्यार्पण करते उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

## चोरी के चारपीली धातु के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की कानून व्यवस्था को चाक चैबंद बनाए रखने के लिए महेशगंज उप निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त की धर पकड़ के दौरान मुखबिर की खास सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 48/2023 धारा 457, 380 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त मुन्ना लाल यादव पुत्र स्व0 गया प्रसाद यादव निवासी खुशली का पुरवा मजरे बदगवां थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के झींगुर तिराहे के पास से चार पीली धातु का कंगन व 440 रु0 नकद के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी के साथ लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा।



जिलाधिकारी कायार्लय में ज्ञापन देते पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी।

## पूर्व सैनिक संगठन ने सुरक्षा को लेकर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पूर्व सैनिक संगठन के देश स्तरीय आवाहन पर ओ आरओपी वन रैंक वन पेंशन को लेकर आज गौरवशाली पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों ने शहीद उद्यान में एकत्रित होकर संगठन के अध्यक्ष कैप्टन ओंकार नाथ शर्मा एवं महासचिव आर ए सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया शहीदों के परिवार एवं देश के समस्त पूर्व सैनिकों को न्याय मिल सके। रैली में शामिल कैप्टन प्रमोद पांडे, कैप्टन अवनीश त्रिपाठी, दुर्गेश योगी, के पी सिंह, शिवराम पांडे, बीबी सिंह, सुनील कुमार शर्मा, आरडी मिश्रा विनोद मिश्रा, रियाज साहब, नियाज अहमद, कैप्टन हबीब, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद साहब आदि पूर्व सैनिक शामिल रहे।

## चोरी के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए थाना महेशगंज उप निरीक्षक दीपक कुमार यादव अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण व वांछित,वारण्टी अभियुक्त की धर पकड़ के दौरान मुखबिर की सूचना पर महेशगंज थाना में पंजीकृत मु0अ0सं0 12/2023 धारा 457,380 भादवि के वांछित अभियुक्त हिमांशु मिश्रा पुत्र शारदा प्रसाद मिश्रा निवासी खैलर का पुरवा मजरे फतूहाबाद थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के बहोरिकपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा।

## बदमाशों ने युवक को मारपीट कर छीनी हजारों की नकदी, पुलिस बता रही संदिग्ध

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के बेलहा के पास रविवार की रात अज्ञात बाइक सवार बदमाशो ने युवक को मारपीट कर हजारों की नकदी व मोबाइल छीनकर फरार हो गये। घटना को लेकर पीड़ित ने चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लालगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के फतेहशाहपुर सराय जानमती निवासी करन कुमार वर्मा पुत्र हरिश्चंद्र वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो मार्च की रात करीब साढे आठ बजे वह इनहन बाजार से मछली बेंचकर वापस घर जा रहा था। पीडित का आरोप है कि बेलहा के पास पहले से मौजूद पल्सर व अपाचे बाइक पर सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने उसे जबरिया रोक लिया। पीडित कुछ समझ पाता इससे पहले बदमाशों ने लोहे की राड से उसे मारापीटा और पीड़ित के जेब मे रखे अठारह हजार रुपए की नकदी व मोबाइल छीन लिया। इसके बाद बदमाश जानलेवा धमकी देते भाग निकले। पीडित ने कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश में हुई मारपीट का लग रहा है, घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## रेल को बचाना, ओपीएस बहाली प्राथमिकताः मेंस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नार्दन रेलवे मेंस यूनियन शाखा कार्यालय पर सुरक्षित टिकाऊ रेलवे के लिए एक सेमिनार का आयोजन सोमवार को किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में शाखा मंत्री कामरेड अनिल शुक्ला ने बताया की भारत ही नहीं वरन् पूरे विश्व में सर्वाधिक रोजगार देने वाला विभाग भारतीय रेलवे है और हम सभी कर्मचारी रेलवे की संरक्षा व सुरक्षा के लिए कटिबद्ध हैं साथ ही आज के समय में कर्मचारी की सुरक्षा व भविष्य की सुरक्षा के लिए पुरानी पुरानी पेंशन की उपयोगिता अत्यंत जरूरी है। इस संबंध में केंद्रीय नेतृत्व समय समय पर सरकार से वार्ता करता रहता है।

उन्होंने कहा कि रेल को भी बचाना है निजी करण होने से बचाना है जिससे कर्मचारी और उसके परिवार वालों का भी भविष्य सुरक्षित रह सके सेमिनार की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष मोहम्मद शफीक ने किया सेमिनार में अजय आनंद किशोर, मोहम्मद अनीस, संजय डोगरा, मनीष पांडे, विनय मिश्रा, सीपी गुप्ता, राजीव रंजन, अवधेश सिंह, सलामत उल्ला, कमलेश शर्मा, श्याम बहादुर, मोहम्मद जहीर, संतोष तिवारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



शाखा कार्यालय पर बैठक कर मेंस यूनियन के पदाधिकारी।

## चिट फंड कंपनियों से जुडे फार्म जमा करने हेतु बंद विण्डो को फिर से खुलवाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विभिन्न चिट फंड कंपनियों मे लोगों के जमा धन की वापसी को लेकर परेशानी बनी हुई है। हालांकि इन प्राइवेट कंपनियों मे ग्राहकों द्वारा लगाए गए अपने धन की वापसी को लेकर काफी समय से प्रयास किया जा रहा है। इधर पैसा वापस मिलने को लेकर सेबी की ओर से भी कुछ कदम उठाए गए हैं। पीएसीएल, सहारा जैसी चिट फंड कंपनियो मे लोगों के जमा धन की वापसी की कवायद मे जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील मे विण्डो खोले गये थे। जिसमें इक्तीस मार्च तक बकाया वापसी को लेकर ग्राहको द्वारा फार्म जमा किये गये। लेकिन अब यह विण्डो बंद हो गया है। इसकी जानकारी होने पर सोमवार को वीरेन्द्र कुमार उर्फ वीरू पासी की अगुवाई में मनोज शर्मा, रामबक्श सरोज, हरीराम, बृजलाल, रामसजीवन, मेवालाल यादव, राजेन्द्र कुमार समेत तमाम पीड़ित ग्राहकों ने सोमवार को लालगंज तहसील पहुंचकर उक्त विण्डो को पुनः खुलवाए जाने हेतु एसडीएम उदयभान सिंह से मांग की है।

## निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर में श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकाली गयी कलश यात्रा मे सैकडो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथाव्यास पं अनिलेश जी महाराज की अगुवाई मे निकाली गयी कलश यात्रा के बीच डीजे के मधुर भक्तिगीत पर लोग अबीर गुलाल उडाते मगन दिखे। बीएसएनएल टावर के पास स्थित कथा स्थल से शुरू हुई कलश यात्रा मनीपुर, हनुमान मंदिर, लालगंज चैराहा, हरिहरम मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। इसके बाद कलश यात्रा वापस कथास्थल पहुंची। मुख्य यजमान बाबूलाल मौर्य व लीलावती ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर चंद्रभान मौर्य, डा0 सूर्यभान, मनोज, चेयरमैन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, अयोध्या प्रसाद, श्यामलाल, श्रीराम, संदीप, रामकुमार, सौरभ त्रिपाठी, मुन्ना शुक्ला, पप्पू जायसवाल, नोबुल तिवारी, पं. मुन्ना तिवारी, बृजेंद्र पांडेय, इंद्रभुवन मिश्रा, जयकौशल, अनिल शुक्ला आदि रहे।



लालगंज नगर में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु

# अल्लाह की तरफ हो तवज्जो तो दुआएं होती है कुबूलः मौलाना मुख्तार

## तौबा, जन्नत की तलब तथा जहन्नुम से पनाह मांगना चाहिये

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रमजानुल मुबारक में अल्लाह तआला बंदों की तरफ खास मुतवज्जह रहता है। इस महीने में दुआएं कुबूल होती हैं। बंदों को चाहिये कि दुआ मांगते वक्त पूरी तवज्जो खालिस अल्लाह की तरफ रखें, ऐसी हालत में दुआएं जल्दी कुबूल होती हैं।

यह बातें पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना के प्रधानाचार्य जनाब मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी साहब ने रमजान के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि रमजान का यह महीना बड़ी फजीलत यानी महत्ता वाला है। इसकी अनेक खूबियां अनवारे-इलाही की बारिशें होती रहती हैं। उनको हासिल करने के लिये बस जरुरत होती है तो नेक आमाल, सच्ची नीयत और पूरी तवज्जो यानि ध्यान अल्लाह की ओर करने की। इस महीने में बंदों को सब्र करते हुए बुराईयों से बचते हुए ज्यादा से ज्यादा इबादत करना चाहिये। रमजान के दिन रात गर्ज की हर मुमकिन हद तक बंदों को जिक्र करना चाहिये।

इस महीने में तौबा करना, जन्नत की तलब करना तथा जहन्नुम से पनाह मांगना चाहिये। उन्होंने कहा कि हदीसों में जिक्र करने की बड़ी फजीलतें आयी हैं। तिलावते कुरआन, नमाजों की पाबंदी वगैरह करने पर रोजे के फायदे हासिल हो सकते हैं। रमजान के हर दिन व रात में दुआएं कुबूल होने की फजीलत आयी है। बंदों को दिल लगाकर खालिस ध्यान से दुआएं मांगनी चाहिये। ऐसा करने पर दुआएं जल्द कुबूल होती हैं। इंसान को चाहिये कि सच्ची नीयत से तौबा करके नेक अमल करे और दुआएं मांगे। दुआ मांगते वक्त दुनिया की तमाम फिक्र से अलग हो जाना चाहिये। जब दुनिया के रुझान से हटकर इबादतें व दुआएं की जाएंगी तो जल्दी कुबूल होंगी।



मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी

## भगवान तक पहुंचने का मार्ग सुगम बनाते हैं सन्तः आचार्य अरविन्द

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चमरूपुर शुक्लान में चल रही संगीतमयी श्रीराम कथा में कथाव्यास मोरारी बापू के कृपा पात्र शिष्य आचार्य अरविन्द महराज ने कहा कि मानव का मन सांसारिक कार्य में व्यस्त रहता है। वहीं सन्तों का मन परमार्थ में रमा रहता है। सन्त समागम से ही मानव को भगवान तक पहुंचने का मार्ग सुगम बन सकता है। कथा प्रसंग में आचार्य अरविन्द ने कहा कि प्रभु के पास जो सच्चे मन से जाता है उसका कल्याण अवश्य होता है। उन्होनें कहा कि यदि मानव अपने जीवन मे प्रतिदिन घण्टे भर का समय प्रभु श्रीराम के भजन मे लगा दे तो उसका जीवन सफल हो जायेगा। कथावाचक ने श्रीराम कथा से जुडे विभिन्न प्रसंगो का वर्णन किया।

## खबर संक्षेप

### महावीर जयंती के उपलक्ष में निकाली गई शोभायात्रा

**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल नगर पंचायत अंतर्गत महाबीर जयंती के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।यात्रा की अध्यक्षता कर रहे रबिन्द्र कुमार जैन ने जानकारी दिया कि यह पर्व जैन धर्म के 24वें गुरु 1008 बाबा महावीर स्वामी का जन्म आज ही के दिन हुआ था। जिसे हम बड़े धूम धाम से मनाते है। इस पर्व को जैन ही नही पूरे नगर पंचायत के लोग एक जुट होकर मानते है। शोभायात्रा जैन मंदिर कटरा मौलवीगंज से आरंभ होकर गल्ला मंडी,चंद्रशेखर पार्क,आदर्श तिराहा,पटेल चौराहा, फकीरबाद चौराहा होते हुए जैन मंदिर में समापन हुआ।दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक भंडारे का आयोजन किया गया है।सराय अकिल पुलिस ने भी शोभयात्रा में सुरक्षा को लेकर अच्छी भूमिका निभाई। सराय अकिल प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह अपने दलबल के साथ व्यवस्था में लगे रहे। महामंत्री अनूप जैन और कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन के साथ तमाम गणमान्य लोग शामिल रहे।

# दर्शनार्थियों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी एक की मौत कई लोग लहूलुहान

## प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के दर्जनों लोग दर्शन करने जा रहे थे शीतला माता मंदिर कड़ा धाम

अखंड भारत संदेश





**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम स्थित नवजीवन अस्पताल के पास दर्शनार्थियों से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई है जिससे पिकअप में सवार दर्शनार्थियों में कोहराम मच गया हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई है आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया है गंभीर मरीजों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है इस हादसे में एक बालिका की मौके पर मौत हो गई है सूचना पाकर कोखराज थानेदार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हैं और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे में 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है। घटनाक्रम के मुताबिक प्रयागराज जनपद के उतरांव थाना क्षेत्र के चांदो पारा गांव के दर्जनों लोग पिकअप में सवार होकर मंगलवार को शीतला माता मंदिर कड़ा धाम दर्शन हेतु जा रहे थे जैसे ही पिकअप सवार दर्शनार्थी कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग में नवजीवन अस्पताल कशिया के पास पहुंचे दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में पिकअप अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पिकअप पलट गई वाहन के पलटते ही वाहन में सवार दर्शनार्थियों में चीख-पुकार मच गई मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे मामले की सूचना कोखराज पुलिस को दी गई घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पिकप के नीचे दबे दर्शनार्थियों को बाहर निकाला हादसे में काजल देवी उम्र 18 वर्ष की मौके पर मौत हो गई है हादसे में कई लोग घायल हैं जिन्हें इलाज के लिए नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया है 2 लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी जैसे ही दर्शनार्थियों के परिजनों को मिली परिवार में कोहराम मच गया है और रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### नगर पालिका में हुआ रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन



**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत रेसिपी प्रतियोगिता आयोजन कर पोषण पखवाड़ा का समापन किया गया।किया गया । रेनू वर्मा बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा मोटा अनाज,सहजन व हरी साग सब्जी से होने वाले लाभ के बिषय में बताया गया। अवगत कराया गया कि मोटा अनाज के सेवन से सेहत सही रहता है।स्थानीय स्तर पर बाजरा मक्का, जौ, चना आदि आसनी से उपलब्ध होते है।जिससे बिबिध प्रकार से स्वादिष्ट रेसिपी बनायी जा सकती है। उन्होंने सहजन की उपयोगिता तथा उससे होने वाले फायदे के भी बारे में लोगों को जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बच्चों का वजन और लम्बाई लेकर पोषण टैकर पर फीड करने व गम्भीर चिकित्सीय जटिलता वाले बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र एडमिट कराने के निर्देश दिए गए। स्वस्थ बच्चे को पुरस्कार दिया गया तथा कुपोषित बच्चे के अभिभावक को खानपान पोषण के संबंध में जानकारी देते हुए आंगनवाडी कार्यकत्री को निरंतर वजन लेकर मानिटरिंग के निर्देश दिए गए। उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ती द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई ।मौके पर सुशील कुमार सीडीपीओ मंझनपुर तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री कमला देवी ,विनीता सक्सेना ,पुष्पा देवी, सुशीला आदि लोग उपस्थित रहे।

### पॉक्सो एक्ट के दो अभियुक्तों को 03-03 वर्ष कारावास की सजा





**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में 8 वर्षों पूर्व नाबालिग बालिका से छेड़खानी के दो आरोपियों के मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोषी पाते हुए न्यायालय ने आरोपियों को 3 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। थाना कोखराज अंतर्गत 31.08.2014 को नाबालिग के साथ छेड़खानी के सम्बन्ध में मुकदमा पॉक्सो एक्ट में पंजीकृत हुआ था छेड़खानी के मामले में दो अभियुक्तों रूपचन्द्र पासी पुत्र पप्पू पासी अवधेश पासी पुत्र राम बहोरी निवासीगण लालपुर थाना कोखराज को के विरुद्ध थाना पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया था न्यायालय एडीजे- 07/ पॉक्सो एक्ट की अदालत में मुकदमे की सुनवाई हुई शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पुलिस द्वारा पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी की गवाहों के बयान बचाव पक्ष के अधिवक्ता और सरकारी अधिवक्ता के जिरह बहस सुनने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया और दोनों आरोपियों को 03-03 वर्ष कारावास तथा 04-04 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया

# शार्ट सर्किट से खेत में लगी आग, गेहूं की खड़ी फसल जलकर हुई राख

अखंड भारत संदेश

## फायर ब्रिगेड की टीम नही पहुंची मौके पर, लोगों ने आग पर किया काबू



**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र में शार्ट सर्किट से सोमवार की दोपहर किसान के खेत में आग लग गई। आग की जद में आकर लगभग तीन बीघा की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। खड़ी फसल में आग लगने की भनक जैसे ही लोगों को लगी सैकड़ों की तादात में लोग लाठी डंडा व बाल्टी में पानी भरकर आग को काबू करने के लिए मौके पर पहुंच गए। लोगों ने लाठी - डंडा से आग को पीटकर व पानी का छिड़काव कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग का भयंकर रूप लेने से पहले ही लोगों ने आसानी से काबू कर लिया अन्यथा किसानों की कई बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई होती। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे किसान दंपत्ति फसल की हालत देखकर सन्न रह गए और फूट - फूट कर जोर - जोर से विलाप करने लगे। नगर पंचायत चायल खास के निवासी तीन सगे भाई राम नरेश यादव, मुन्ना लाल यादव और रामसिंह यादव पुत्र मोती लाल यादव निवासी चायल खास के मजरा भीतरी पर गेहूं की फसल उगाए हुए थे जिसके ऊपर से हाई वोल्टेज की तार गई है किसी कारण वश तार से चिंगारी उत्पन्न हुई और वह गेहूं के खेत में जाकर गिर गई इसलिए तीन सगे भाइयों की लगभग तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान के द्वारा उगाई गई गेहूं की फसल जलकर राख हो जाने के कारण पीड़ित परिवार के समक्ष परिवार का पेट भरने की एक बड़ी चुनौती आकर खड़ी हो गई है जिससे निपटने के लिए उपरोक्त पीड़ित परिवार शासन की ओर टकटकी लगाए हुए हैं।

# घटतौली मिलावट खोरी के साथ जन सुविधाओं का पेट्रोल पंप पर है आभाव!

## जनपद मुख्यालय मंझनपुर साहित्य आस-पास के पेट्रोल पंप हो रही हेरा फेरी के बाद विभागीय अधिकारी अनजान बनने का कर रहे है ढोंग

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर ओसा सहित जिले के तमाम पेट्रोल पंप में घटतौली मिलावट खोरी के साथ-साथ जन सुविधाओं का पूरी तरह से अभाव है जिस से पेट्रोल पंप पहुंचने वाले ग्राहकों को समस्याओं से जूझना पड़ता है जिला अस्पताल के सामने पेट्रोल पंप में शौचालय की व्यवस्था ग्राहकों के लिए उपलब्ध नहीं कराई जाती है जिससे पेट्रोल पंप पहुंचने वाले ग्राहकों को मलमूत्र त्याग करने में दिक्कत होती है क्षेत्र के किसी भी पेट्रोल पंप में वाहनों में हवा भरने की व्यवस्था नहीं है जिस पेट्रोल पंप में हवा भरने के लिए व्यवस्था बनाई गई वहां हवा भरने की दुकान में मौजूद लोगों द्वारा ग्राहकों से पैसे की वसूली की जाती है जो पेट्रोल पंप कंपनी के नियम के विरुद्ध है लेकिन उसके बाद भी पंप संचालकों पर मुकदमा दर्ज कराकर पंप सीज करने का प्रयास नहीं किया गया है। पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल की नाप के समय खुलेआम नाप कम दी जाती है मशीने जंप कर रही हैं सूत्रों की माने तो पेट्रोल पंप की मशीनों में चिप लगे हैं लेकिन सब कुछ खुलेआम हेरा फेरी होने के बाद भी जिला पूर्ति अधिकारी इंडियन आयल के अधिकारी से लेकर बाट माप अधिकारी अनजान बनने का ढोंग कर रहे हैं सूत्रों की मानें तो इन अधिकारियों को प्रत्येक महीने मोटी रकम पंप संचालकों द्वारा भेज दी जाती है जिससे पंप संचालकों के सारे गुनाह माफ हो जाते हैं पेट्रोल पंप में डीजल पेट्रोल लेने वाले ग्राहकों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नाप में कम करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों पर कार्यवाही करने की मांग की है साथ ही साथ पेट्रोल पंप में कंपनी द्वारा निर्धारित समस्त सुविधाएं उपलब्ध न कराने वाले पेट्रोल पंप पर मुकदमा दर्ज कर पंप का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की गई है।

### नवजीवन अस्पताल के चिकित्सकों ने किया कूल्हे का सफलतापूर्वक आपरेशन



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू क्षेत्र में संचालित नवजीवन अस्पताल के चिकित्सकों ने कूल्हे का सफलतापूर्वक आपरेशन इलाज किया है 15 वर्षों से चलने में दिक्कत व 3 इंच छोटा पैर दर्द चलने में परेशानी का चिकित्सको ने समाधान कर दिया है अस्पताल प्रबंधक हेमंत कुमार मौर्या ने बताया कि नवजीवन अस्पताल में चार ऐसे केस का आपरेशन किया गया जिसमें डाक्टरों को सफलता मिली चिकित्सकों ने बताया कि ऐसे इलाज अभी तक कौशांबी में नहीं हुए जिसके लिए लोगों को प्रयागराज जाना पड़ता था अब यह इलाज कौशांबी के नवजीवन अस्पताल में उपलब्ध है अस्पताल के डां अभय सिंह हड्डी रोग विशेषग्य, डां रंजीत लहरी (एम बी बी एस) फिजिशियन, डां कमलेश कुमार ओ टी टेक्नोशियन के द्वारा सफलता पूर्वक इलाज आपरेशन हुआ उक्त जानकारी अस्पताल प्रबंधक हेमंत कुमार मौर्य नवजीवन अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर कशिया ने दी है

### थानेदार और चौकी इंचार्ज हुए निलंबित

**कौशांबी।** थानेदार और चौकी इंचार्ज को अतीक अहमद के बहनोई को बचाने के चक्कर में अपनी कुर्सी गंवानी पड़ गयी है पुलिस अधीक्षक ने दोनों को निलंबित कर दिया है माफिया अतीक के बहनोई एखलाक और उसकी कार को बचाने में संदीपन घाट के थानेदार और हररायपुर पुलिस चौकी इंचार्ज नप गए हैं एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने संदीपनघाट इंस्पेक्टर राकेश राय और हर्रायपुर चौकी प्रभारी के के यादव को निलंबित कर दिया है एक महीना पहले बसेढ़ी गांव में संदिग्ध कार मिलने के मामले में दोनों दरोगाओं ने उदासीनता बरती थी लावारिश कार और दो संदिग्ध युवकों को पकड़ कर छानबीन करने के बजाय छोड़ने के मामले में कार्रवाई हुई है माफिया अतीक से जुड़े मामले में कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मच गया है।

### कौशांबी में हुए कई सीओं इधर से उधर

**कौशाम्बी।** जिले की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के उद्देश्य से कई क्षेत्राधिकारी के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है मंझनपुर सर्किल के सीओ योगेंद्र कृष्ण नारायण को चायल सर्किल की कमान सौपी गयी है क्षेत्राधिकारी लाइन अभिषेक सिंह को सीओ मंझनपुर की जिम्मेदारी मिली है पर्यवेक्षक अधिकारी शाखा रहे अवधेश कुमार सिराथू सर्किल की कमान संभालेंगे सीओ श्यामकांत को चायल से क्षेत्राधिकारी आंकिक के साथ साथ न्यायिक सम्मन सेल,महिला सहायता प्रकोष्ठ समेत सभी शाखाओ की जिम्मेदारी दी गई है

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त मो0 सलीम पुत्र स्व0 बाबू मिया निवासी सहजादपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त हरिलाल पुत्र नाथे उर्फ रामनाथ निवासी मलाक भायल थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पिपरी से एक थाना सैनी से एक. थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से एक थाना कड़ाधान से छः कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 155 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### शराब के साथ अभियुक्ता गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता शीतली देवी पत्नी स्व० कल्लू पासी निवासी पूरे फैज थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता का चालान न्यायालय कर दिया है।

# कूड़ा निस्तारण केंद्र के निर्माण में हो रही धांधली, मिट्टी पटाई के नाम पर लाखों खर्च

## मॉर्डन गांव के शौचालय में जड़ा ताला,खुले में शौच को मजबूर ग्रामीण, स्वच्छता पखवाड़ा में भी नहीं साफ हो सकी गाँव की गलियां

**कौशाम्बी।** मंझनपुर ब्लाक के मॉर्डन गांव टेन शाह आलमाबाद में सार्वजनिक शौचालय में जिम्मेदारों ने ताला जड़ दिया है। सार्वजनिक शौचालय में ताला बंद होने से ग्रामीण खुले में शौच जाने को मजबूर है। साथ ही साफ सफाई के अभाव में गांव की गलियों में गंदगी पसरी हुई है। इसके अलावा मजरा मडुकी में सार्वजनिक शौचालय अधूरा पड़ा हुआ है। जबकि मॉर्डन गांव के विकास के नाम सरकारी खाजाना खाली हो गया है। मंझनपुर ब्लाक के टेन शाह आलमाबाद ग्राम पंचायत को विकसित करने के लिहाज से मॉर्डन गांव घोषित किया गया है। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सरकार ने लाखो रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है। आरोप है कि अफसरों के गठजोड़ से प्रधान,सेक्रेटरी ने गांव में लूट मचा रखी है। ग्राम पंचायत में हर तरफ अव्यवस्थाओ का अम्बार है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक शौचालय निर्माण में जमकर खेल हुआ है। अब अपनी खामियों में पर्दा डालने के लिए जिम्मेदारों ने ताला जड़ दिया है। इससे लोगों को खुले में शौच को जाना पड़ रहा है। साथ ही मजरा मडुकी में अब तक सार्वजनिक शौचालय अर्धनिर्मित पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गाँव में हर तरफ गन्दगी पसरी हुई है, नालियां चोक है। कूड़ा निस्तारण केंद्र के निर्माण में भी खेल हो रहा है। केंद्र में मिट्टी पटाई के नाम लाखों रुपये मार्च में निकाल लिया गया है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत अफसरों से किया है।

# थानेदार को कौन बताएगा कि आत्महत्या में ऑल राउंड दि नेक नहीं आता

अखंड भारत संदेश



पश्चिम शरीरा थानेदार को निलंबित कर फिर से प्रशिक्षण दिलाए जाने की है जरूरत

एक बार फिर पुलिस वर्दी को शर्मसार कर धनादोहन में जुटे थानेदार

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में 23 फरवरी को रीता देवी सरोज की मौत के बाद पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराए जाने पर चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है कि ऑल राउंड दि नेक यानी मृतका के गले के चारों ओर रस्सी के निशान मिला है जिससे रीता की मौत हुई है लेकिन पश्चिम सरीरा थाना पुलिस बार-बार रीता की मौत को फांसी पर लटकने से हैंगिग मौत करार देना चाहती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सब कुछ साफ होने के बाद भी थाना पुलिस रीता के मौत के गुनाहगारो को क्लीन चिट दे रही है अपनी जांच रिपोर्ट में बार-बार थाना पुलिस उच्च पुलिस अधिकारियों को गुमराह कर रही है आखिर इसके पीछे थाना पुलिस का क्या स्वार्थ छिपा है यह बड़ी जांच का विषय है बताया जाता है कि पुलिस ने 10 दिनों बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि रीता की मौत के जिम्मेदार उसके ससुराली जनों को क्लीन चिट देने की आड़ में थाना पुलिस तक मोटी रकम पहुंच चुकी है जिससे थाना पुलिस बार-बार रीता के मौत के जिम्मेदार उसके ससुराली जनों को बचाने का भरसक प्रयास कर रही हैं रीता की मौत के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ऑलराउंड दि नेक के संबंध में चिकित्सकों से बात की गई तो चिकित्सकों का कहना है कि जब किसी का गला घोट कर मौत के घाट उतारा जाता है तो आल राउंड दि नेक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लिखा जाता है चिकित्सकों ने कहा कि फांसी पर लटकने पर हैंगिंग में गले के चारों ओर निशान नहीं पाया जाता है फाँसी में लटकने पर गले के कुछ हिस्से में निशान छूट जाते हैं लेकिन रीता के मौत के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले में कही निशान नहीं छूटा है पूरे गले में चारों ओर निशान पाया गया है लेकिन उसके बाद भी थाना पुलिस बार-बार रीता की मौत को आत्महत्या करार देकर रीता के ससुराली जनों को क्लीन चिट देने की जुगाड़ में लगी है पीड़ित परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से लेकर पुलिस महानिरीक्षक तक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर रीता के मौत के गुनाहगार उसके ससुराली जनों को गिरफ्तार करने की मांग की लेकिन 10 दिन से अधिक बीत जाने के बाद अभी तक थाना पुलिस ने रीता के मौत के गुनाहगारों की गिरफ्तारी नहीं की है आखिर थानेदार अपराधियों को बचाने में क्यो महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं रीता की मौत के पोस्टमार्टम रिपोर्ट को आला अधिकारियों ने संज्ञान लेकर अपराधियों को शरण देने वाले थानेदार के कारनामे की जांच कराई तो थानेदार का अपराधियों से साठगांठ उजागर होना तय माना जा रहा हैं मृतका के गले में आल राउंड दि नेक की परिभाषा को ना समझ पाने वाले पश्चिम शरीरा थानेदार को निलंबित कर उन्हें फिर से पुलिस बिभाग से प्रशिक्षण दिलाए जाने की जरूरत है साथ ही साथ रीता के मौत के गुनाहगारों पर मुकदमा दर्ज करा कर रीता के ससुराली जनों को गिरफ्तारी कराए जाने की मांग उसके मायके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों से की है सवाल उठता है कि रीता की मौत के बाद क्या पुलिस अपराधियों को जेल भेज कर उसे न्याय दे पाएगी योगी सरकार में इस तरह के थानेदारों को रहते हुए क्या रीता की मौत पर उसे न्याय मिल पाएगा यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

# स्थानांतरण होने के बाद चौकी इंचार्ज चौकी का नहीं छोड़ रहे चार्ज

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** करारी थाना के अरका महावीर पुर पुलिस चौकी में इंचार्ज के पद पर तैनात अजीत उपाध्याय का स्थानांतरण पूर्व के समय में चरवा थाने में किया गया था लेकिन महीनों बीत जाने के बाद चौकी इंचार्ज ने पुलिस चौकी अरका की कमान नहीं छोड़ी है।

आखिर इसके पीछे क्या कारण है कि उन्हें आला अधिकारियों के आदेश के बाद भी पुलिस चौकी छोड़कर थाने में जाने में संकोच महसूस हो रहा है चचाओं पर जाए तो इलाके में संचालित संगठित अपराधियों से मोटी वसूली के चलते उनका चौकी से मोहभंग नही हो रहा है बालू के ओवरलोड वाहनों से भी अवैध वसूली में चौकी इंचार्ज मशगूल बताए जाते हैं जिससे वह पुलिस चौकी नहीं छोड़ना चाहते हैं। सवाल उठता है कि आला अधिकारियों के आदेश के बाद कार्यमुक्त किए जाने वाले चौकी इंचार्ज को आला अधिकारियों के आदेश का तनिक भय नहीं रह गया है वह मनमानी तरीके से अपनी तैनाती करवाना चाहते हैं पुलिस चौकी से स्थानांतरित हुए चौकी इंचार्ज के कारनामे की ओर इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नए चौकी इंचार्ज की तैनाती की मांग की है।

## लंबे समय से थाने में तैनात सिपाही के दबदबे से फरियादी परेशान

**कौशांबी।** करारी थाने में लंबे समय से तैनात एक सिपाही के दबदबा से इलाके के फरियादी परेशान हैं प्रत्येक मामले में यह सिपाही हस्तक्षेप कर फरियादियों का उत्पीड़न करता है बताया जाता है कि बीते साढ़े तीन वर्षों से यह सिपाही करारी थाने में तैनात है और इलाके में लोगों से गहरे संबंध होने के चलते प्रत्येक मामले में यह सिपाही दखलअंदाजी करता है कारखास यह सिपाही ओवरलोड वाहनों से अवैध वसूली में मशगूल भी बताया जाता है लेकिन सिपाही के कारनामे की ओर अधिकारियों की नजर नहीं जा रही है पूर्व पुलिस अधीक्षक के समय में उक्त चर्चित सिपाही के कारनामों को संज्ञान लेकर उसे जमकर फटकार लगाई गई थी लेकिन उसके बाद भी सिपाही के कार्य में सुधार होता नहीं दिख रहा है सिपाही का दबदबा इस कदर है कि यह सिपाही पीड़ित फरियादियों से अपराधी जैसा बर्ताव करता है संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों से सिपाही के गहरे रिश्ते बताए जाते हैं लेकिन थाने की उपनिरीक्षक और कोतवाली सिपाही के कारनामों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं इलाके के लोगों ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रत्येक मामले में दखलंदाजी करने वाले लंबे समय से तैनात सिपाही के कारनामों की जांच करा कर उसे करारी थाना से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की है।

# बर्ड फ्लू बीमारी से निपटने के लिए टास्क फोर्स अधिकारियों के निर्देश

**कौशाम्बी।** डीएम सुजीत कुमार ने बर्ड फ्लू बीमारी की किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जनपद स्तर पर तैनात टास्कफोर्स के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर बीमारी के सर्विलेंस एवं जागरूकता अभियान में सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय मुख्य पशु चिकत्साधिकारी ने बताया कि बर्ड फ्लू बीमारी अभी तक जनपद में बर्ड फ्लू रोग मुर्गियों/पक्षियों में होने की कोई शिकायत/सूचना प्राप्त नहीं हुई है, फिर भी जन स्वास्थ्य को मद्देनजर रखते हुए विभाग द्वारा जनपद में हाई अलर्ट जारी कर सभी आवश्यक कार्यवाही की जा रहीं है। बर्ड फ्लू पक्षियां में होने वाला विषाणु जनित संक्रमण रोग है, जो सामान्यतः पक्षियों को ही संक्रमित करता है। परन्तु कभी-कभी असामान्य परिस्थितियों में मनुष्य भी प्रभावित हो जाते है। मुर्गियों/पक्षियों में बर्ड फ्लू वीमारी से ज्वर आना, पैरों का नीला हो जाना, पक्षियां की ऑख व गर्दन के निचले हिस्से में सूजन, हरे व लाल रंग के दस्त होना एवं पक्षियों के पंखों का विखर जाना प्रमुख लक्षण है, जिससे आम जनमानस बीमारी की पहचान कर सकतें है संकृमित पक्षियों के सम्पर्क में आने से दूसरें पक्षियां में बीमारी फैलने की सम्भवना रहती है।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 108 एम्बुलेंस ने पहुंचाया अस्पताल

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के तुरतीपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों युवकों को गंभीर चोटे आयीं। उसी रास्ते से गुजर रहे किसी राहगीर ने इसकी सूचना करारी पुलिस और 108 एम्बुलेंस को दिया। करारी थाने की पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचर दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों व्यक्ति की पहचान शिव प्रकाश (गुड्डू ) एवं अल्ताब के रूप में हुयी है और दोनों प्रयागराज जनपद के बम्हरौली क्षेत्र के रहने वाले हैं।

# हेट स्पीच: सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी जायज है

**देश की मौजूदा तस्वीर हाल ही में उकेरी गई है। सामाजिक ध्रुवीकरण में राजनैतिक जीत व सत्ता हासिल करने का सफल नुस्खा ढूंढ़ लेने वाली भारतीय जनता पार्टी की यह साफ तौर पर देन कही जा सकती है। उसकी मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वैचारिक खाद-पानी से सिंचित व विकसित हुई भाजपा की आईडियालॉजी समाज में विभाजन व परस्पर अलगाव को बढ़ावा देती आई है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी 2014 और उसके बाद दोबारा सत्ता सम्भालने वाली भाजपा सरकार ने इस हेट स्पीच को खूब बढ़ावा दिया है**



**जिन** कड़े शब्दों के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर में अपनाई जा रही नफरत की भाषावली के खिलाफ बात कही है, वह यही दशार्ता है कि पानी नाक तक पहुंच गया है। यह देश की सरकार, उसके विभिन्न अंगों एवं संवैधानिक संस्थाओं के लिये भी पर्याप्त बड़ी चेतावनी है जो इस बात की ओर साफ इशारा कर रही है कि अगर जल्दी ही आग उगलती भाषा और बयानों पर रोक न लगाई गई तो स्थिति हाथ के बाहर चली जायेगी। भारत पिछला कुछ काल अभूतपूर्व हिंसक व नफरती बोलों का ज्वार देश रहा है जो देश व समाज को तोड़ने पर आमादा है। आजाद भारत ने जिस प्रकार बड़ी कठिनाई से समाज के विभाजन को कम करने की कोशिशें की हैं, उस पर हालिया परिस्थितियां पानी फेरती नजर आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना कि 'राज्य नपुंसक व शक्तिहीन है। प्रदेश हेट स्पीच को रोकने की प्रणाली क्यों विकसित नहीं कर पा रहे हैं?' शीर्ष कोर्ट के ये शब्द उसकी नाराजगी ही नहीं वरन उसकी चिंता और पीड़ा सब कुछ बयां करने के लिये काफी हैं। यह देश के हर संवेदनशील व समझदार नागरिक की निराशा का प्रतिबिम्ब है जो पिछले कुछ समय से इस तरह के बयानों की बाढ़ को सतत ऊंचा होते देख रहे हैं- लाचारी व भय के साथ। बुधवार को जस्टिस केएम जोसेफ व जस्टिस बीवी नागरत्ना की एक बेंच ने ये विचार उस याचिका की सुनवाई के दौरान प्रकट किये जो महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ इस आरोप को लेकर दायर की गई है कि वह रैलियों के दौरान हेट स्पीच के विरूद्ध तत्काल कार्रवाई लेने में नाकाम रही है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि सकल हिन्दू समाज ने महाराष्ट्र भर में करीब 50 रैलियों में एक वर्ग के खिलाफ नफरती व हिंसक भाषा का प्रयोग किया है। बेंच ने इसके पूर्व कार्यपालिका से स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये और कहा कि वह किसी के द्वारा शिकायत दर्ज करने का इंतजार न करे। किसी भी देश और वहां की सरकार के लिए इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि शीर्ष कोर्ट को ऐसी टिप्पणी करनी पड़े और इस आशय के निर्देश विशेष रूप से देने पड़ें जिसके बारे में कानून की किताबों में पहले से पर्याप्त प्रावधान हैं और कार्रवाई की स्पष्ट प्रक्रिया है। सवाल यह है कि हालात यहां तक कैसे पहुंचे और उसके लिये दोषी कौन हैं।

**ऐसा नहीं है कि न्यायपालिका ने पहली बार इस मामले पर नाराजगी जताई हो। इसी साल इसी बेंच ने इस प्रवृत्ति को 'गंदगी' बतलाते हुए चेतावनी दी थी कि यह 'राक्षस' का रूप धारण कर लेगी। देखना तो यह है कि क्या भाजपा समाज में अशांति, घृणा व हिंसा की कीमत पर सत्ता बनाये रखेगी या उच्चतम न्यायालय की उक्त टिप्पणी को गम्भीरता से लेकर हेट स्पीच पर ठोस नियंत्रण लाएगी**

जनसामान्य में यह बात अब बड़ी स्पष्ट है कि देश की मौजूदा तस्वीर हाल ही में उकेरी गई है। सामाजिक ध्रुवीकरण में राजनैतिक जीत व सत्ता हासिल करने का सफल नुस्खा ढूंढ़ लेने वाली भारतीय जनता पार्टी की यह साफ तौर पर देन कही जा सकती है। उसकी मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वैचारिक खाद-पानी से सिंचित व विकसित हुई भाजपा की आईडियालॉजी समाज में विभाजन व परस्पर अलगाव को बढ़ावा देती आई है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी 2014 और उसके बाद दोबारा सत्ता सम्भालने वाली भाजपा सरकार ने इस हेट स्पीच को खूब बढ़ावा दिया है। पार्टी के भीतर साम्प्रदायिक व सामाजिक विखंडन की एक प्रभावी प्रणाली तैयार कर दी गई है जिसका सूत्र संचालन मंत्री और बड़े नेता तक करते हैं। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद प्रवेश वर्मा द्वारा दिये गये नफरत भरे भाषणों को कौन भूल सकता है जिसमें उन्होंने विरोधी विचारधारा के लोगों को गोली मारने की बात कही थी। साम्प्रदायिक सौहार्द्र व सामाजिक समरसता की इच्छा रखने वाला नागरिक हो या कानून के राज में विश्वास रखने वाली अवाम तब निराश हो जाती है जब कोर्ट ऐसे लोगों को यह कहकर बरी कर देती है कि 'मुस्कुरा कर किया गया अपराध कोई अपराध नहीं होता।' ऐसे ही, धर्म संसदों के जरिये एक वर्ग विशेष के नरसंहार का आह्वान करने वाले या तो पकड़ में नहीं आते अथवा जल्दी ही जमानत पर बाहर निकल आते हैं- नये सिरे से घृणा और हिंसा फैलाने के लिये। सत्ता चलाने वाले दल ऐसी तेजाबी बात कहने वालों के लिये उन्हें 'फ्रिंज एलीमेंट्स' कहकर उनसे पीछा छुड़ा लेते हैं। देश की आजादी में योगदान दिलाने वालों के खिलाफ भी नफरत फैलाई जाती है और समाज उसे बेबस होकर देखता रहता है। ऐसा नहीं है कि न्यायपालिका ने पहली बार इस मामले पर नाराजगी जताई हो। इसी साल इसी बेंच ने इस प्रवृत्ति को 'गंदगी' बतलाते हुए चेतावनी दी थी कि यह 'राक्षस' का रूप धारण कर लेगी। देखना तो यह है कि क्या भाजपा समाज में अशांति, घृणा व हिंसा की कीमत पर सत्ता बनाये रखेगी या उच्चतम न्यायालय की उक्त टिप्पणी को गम्भीरता से लेकर हेट स्पीच पर ठोस नियंत्रण लाएगी। वैसे उपाय तो शीर्ष कोर्ट ने बताया ही है- धर्म को राजनीति से अलग कर दिया जाये।

## जन संपादकीय

# त्योहार पर हिंसा

**रामनवमी** के दिन देश के कई राज्यों में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी और कई राज्यों में हालात अब तक सामान्य नहीं हैं। कुछ बरस पहले तक सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं, आगजनी, तोड़फोड़ जैसी खबरें समाज में घबराहट का माहौल बना देती थीं। लोग केवल अपनी ही नहीं, समाज और देश की सुरक्षा के लिए भी चिंतित हो जाते थे। मगर देश बदलने की जो नयी धुन लोगों में भर दी गई है, उसके बाद संवेदनाएं भी बदल गई हैं। अब धर्म की सुरक्षा का सवाल इतना अहम हो गया है कि इसके आगे जिंदा इंसानों का कोई मोल नहीं। इंसान जिएं या मरें, धर्म अमर रहना चाहिए, कुछ इस सोच के साथ देश आगे बढ़ रहा है। अब त्योहारों का मतलब भी खुशियां मनाना और बांटना नहीं, बल्कि अपने धर्म के परचम को ऊंचा करके लहराना है ताकि दूसरे धर्म के लोगों को आतंकित किया जा सके। रामनवमी सदियों से देश के बड़े हिस्से में मनाया जाता रहा है, और इसमें कभी हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं रहा। मगर अब ऐसा नहीं रहा है। रामनवमी हो या विजयादशमी, शस्त्रों का प्रदर्शन किया जाता है, शोभायात्राओं के बहाने सड़क पर बहुसंख्यक होने के गौरव का अशोभनीय प्रदर्शन किया जाता है। दूसरे तमाम धर्मावलंबियों को चालाकी से यह संदेश देने की कोशिश की जाती है कि वे इस देश में दोयम दर्जे के नागरिक हैं। संविधान में ऐसा कहीं नहीं लिखा है, लेकिन अभी तो एक नया ही राजनैतिक विधान रचा जा रहा है, जिसमें इस तरह की सोच को बढ़ावा मिल रहा है। रामनवमी पर बिहार, प.बंगाल, महाराष्ट्र, झारखंड, गुजरात ऐसे तमाम राज्यों से जो तस्वीरें और खबरें सामने आईं, वो चिंतित करने वाली हैं। रामनवमी के जुलूसों में लाठी, भाले लेकर चलना, जुलूस को जबरदस्ती दूसरे धार्मिक स्थलों के सामने से लेकर गुजारना, इमारतों पर भगवा रंग पोत देना, हनुमान जी का गुस्से वाला चेहरा, राम जी की प्रत्यंचा ताने क्रोधित मुद्रा वाले पोस्टर लगाना और तेज आवाज में धार्मिक गीत बजाना, ये सारी हरकतें किसी कोण से राम जी की भक्ति वाली नजर नहीं आती। बल्कि इनके पीछे दूसरे धर्मावलंबियों को छेड़ने, भड़काने और हिंसा के लिए उकसाने की साजिश नजर आती है। हिंदू धर्म कभी संकीर्ण और अनुदार नहीं रहा है। अगर रहा होता, तो भारतीय समाज में गंगा-जमुनी संस्कृति जैसी मिसालें कभी बनती ही नहीं। भारतीय संस्कृति की खासियत अनेकता में एकता वाली रही है और इसे संविधान में भी बखूबी निभाया गया है। मगर अब इस खासियत को तंग नजरिए से तोड़ा जा रहा है. जो चिंता की बात है। इस बार नवरात्रि और रमजान साथ-साथ चले, जो बहुत सामान्य बात है। इससे पहले भी कई बार दो धर्मों के त्योहारों की तारीखें आस-पास पड़ती रही हैं। ऐसे में समझदारी दिखाते हुए इस तरह से आयोजन किए जाते रहे हैं, जिससे कोई किसी के लिए उलझन या बाधा न खड़ी कर सके। धार्मिक शोभायात्राओं के लिए स्थानीय प्रशासन अनुमति देता है, वही जुलूस निकलने का रास्ता तय करता है, जुलूस में कितने लोग शामिल हो सकते हैं, इसका अनुमान लगाया जाता है। सारी संभावनाओं पर विचार करने के बाद ही जुलूस को आगे बढ़ने की अनुमति मिलती है। भारत जैसे बहुधर्मी देश में यह स्वाभाविक है कि कोई भी धार्मिक जुलूस जिस राह से गुजरे, वहां कोई दूसरा धार्मिक स्थल हो। ऐसे में यह पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे रास्तों का विकल्प तलाश करे या फिर नगर-कस्बे के जिम्मेदार लोगों की समिति बनाकर, एक दिशा निर्देश तैयार करे, सभी समुदायों के लोगों को भरोसे में ले और फिर धार्मिक जुलूस निकालने की इजाजत दे। जुलूस या शोभायात्रा में किस किस्म के गीत बजेंगे, किस तरह के पटाखे चलाए जाएंगे, श्रद्धालु अपने साथ क्या सामान लेकर चलेंगे, इस सब की सूची बनाकर यह निश्चित किया जाए कि ऐसी कोई चीज इस्तेमाल न हो, जो शांति और सौहार्द्र बिगाड़ने का काम करे। अगर इन सावधानियों के साथ आगे बढ़ा जाए, तो सारे धार्मिक कार्य निर्विघ्न संपन्न हो सकते हैं। मगर अभी जो हालात हैं, उसमें यह नजर आ रहा है कि सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ने की आशंकाओं के बावजूद पर्याप्त सावधानी नहीं बरती गई। ऐसा क्यों हुआ, यह विचारणीय है। पिछले साल ही हनुमान जयंती के मौके पर दिल्ली में जिस तरह माहौल खराब हुआ, उसके लिए एक-दूसरे के सिर पर ठीकरा फोड़ा गया। फसाद की शुरूआत कौन करता है और अंत में कौन फंसता है, इस सवाल से अधिक महत्वपूर्ण यह देखना है कि आखिर में इसका खामियाजा किसे भुगतना पड़ता है। हमेशा आम मध्यमवर्गीय, गरीब लोग, रोज कमाने-खाने वाले लोग दंगों की आग में सबसे अधिक झुलसते हैं। स्त्रियां और बच्चे धर्म के नाम पर हो रहे झगड़ों का शिकार बनते हैं। बंटवारे से लेकर हालिया दिल्ली दंगों तक हर बार एक जैसी कहानी रही है, बस किरदार और कारण बदलते रहे हैं। अफसोस की बात ये है कि इतने जख्म देखने के बावजूद समाज संभल कर चलना नहीं सीख रहा है। राजनेता अपने मकसद के लिए धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देते हैं। धर्म और जाति के नाम पर गुटबंदी करना वोट जुगाड़ने का सबसे आसान तरीका है, क्योंकि ये मुद्दे सीधे भावनाओं से जुड़े होते हैं और लोग इनमें बह जाते हैं। लेकिन इसमें लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े कई जरूरी मुद्दे गुम हो जाते हैं। धार्मिक आयोजन अगर हिंसा की लकीर तक पहुंच जाएं, तो फिर बांटो और राज करो का खेल खेलना और आसान हो जाता है। हिंदुस्तान ने 75 साल पहले ऐसे ही विनाशकारी खेल का नुकसान देखा है। आज देश फिर उसी बिसात का मोहरा बन गया है। यह खेल तभी रुकेगा, जब समाज इसे रोकेगा।

# काश, अजय बंगा-गुनीत मोंगा से प्रेरित होते खालिस्तान समर्थक

**आर.के. सिन्हा**



**आजकल** ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका में कुछ भटके हुए सिख नवयुवक न जाने किस भ्रम में काल्पनिक खालिस्तान की मांग करते हुए दिखाई देने लगे हैं। इन पर गुस्से से ज्यादा तरस ही आता है। अपने महान गुरुओं की धरती पंजाब और भारत को लेकर ये जिस तरह से अनाप-शनाप बकवास कर रहे होते हैं, वह बेहद अशोभनीय होती है। वे यह समझ लें कि अब भारत कभी भी विभाजित नहीं होगा। भारत के बंटवारे का ख्वाब देखने वालों को निराशा ही होगा। इस बिन्दु पर 140 करोड़ भारतीय एक हैं। कहीं कोई विवाद नहीं है। अब वह जमाना गया जब अपनी-अपनी नेतागिरी चमकाने और प्रधानमंत्री बनने के लिए नेहरू और जिन्ना ने हिन्दुस्तान-पाकिस्तान बांट लिया । अब वैसा होने से रहा। काश, खालिस्तान के पक्ष में नारेबाजी करने वाले अजय बंगा और गुनीत मोंगा से कुछ प्रेरणा ले लेते। ये दोनों भी कट्टर सिख हैं और इनकी हालिया उपलब्धियों पर सारा देश गर्व कर रहा है। बंगा उस वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं, जिसके 189 सदस्य देश हैं, जिनमें 170 देशों के नागरिक संसार के 130 शहरों में काम कर रहे हैं। बेशक, गरीबी को खत्म करने तथा विकास का रास्ता दिखाने वाले वर्ल्ड का प्रमुख बनने जा रहे बंगा की उपलब्धि पर सारा भारत खुश है। अजय बंगा एक शूरवीर के पुत्र हैं। उनके पिता हरभजन सिंह बंगा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल पद से रिटायर हुए थे। उन्होंने 1962, 1965 और 1971 की जंगों में शत्रु सेना के दांत खट्टे कर दिए थे। अजय बंगा का परिवार बहुत आस्थावान सिख परिवार है। अजय बंगा बेहतरीन मोटिवेशल स्पीकर भी हैं। उनके नेतृत्व में ही मास्टर कार्ड नाम की कंपनी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी वीजा कार्ड को पछाड़ा था। अजय बंगा ने मास्टरकार्ड को मोबाइल पेमेंट के क्षेत्र में पहले नंबर पर पहुंचाया। वे हिन्दी, पंजाबी, इंग्लिश के अलावा गुजराती भी बोल लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 की अमेरिका यात्रा के समय उनसे फार्च्यून-500 कंपनियों के सीईओज मिले थे। उनमें अजय बंगा भी थे। बंगा को बैंकिंग और फाइनेंस की दुनिया का एक्सपर्ट माना जाता है। बंगा को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी ट्रेड पॉलिसी से जुड़ी सलाहकार टीम में लिया था। अब वे वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। जाहिर है कि उनकी सलाह से सदस्य देशों को लाभ होगा। अजय बंगा वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन देशों के लिए विशेष योजनाएं लाएंगे जो विकास की दौड़ में बहुत पिछड़ गए हैं। अगर बात गुनीत मोंगा की करें तो उन्हें उनकी फिल्म 'द एलीफैंट विस्परर्स' के लिए आस्कर सम्मान मिला है। 'द एलीफैंट विस्परर्स' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। गुनीत मोंगा के बारे में देश को तब कायदे से पता चला जब उन्होंने लंच बॉक्स, मानसून शूट आउट तथा गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस किया। ये सभी फिल्में हिट हुईं और इन्हें दर्शकों तथा समीक्षकों का समान रूप से प्यार मिला। पहले वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बन रहे अजय बंगा और और फिर गुनीत मोंगा ने देश का नाम रोशन किया है। यह सच है कि अजय बंगा अब अमेरिकी नागरिक बन चुके हैं। पर उन्हें अपने भारतीय मूल का होने पर गर्व है। वे बार-बार भारत आते हैं। वे भारत से दूर जा भी नहीं सकते। आखिर यही उनका देश है। उनकी मातृभूमि है। उधर, मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली गुनीत मोंगा अब मुंबई में रहती हैं। गुनीत मोंगा जब आस्कर पुरस्कार लेने गईं तब उन्होंने साड़ी पहनी हुई थी और उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय होने पर नाज है। जिन खालिस्तानियों ने लंदन में भारतीय तिरंगे का अपमान किया उन्हें नींद कैसे आती होगी। वे तो अब अमर शहीद भगत सिंह को भी गालियां दे रहे हैं। उन्हें डूब कर मर जाना चाहिए। उनके लिए मरने का इससे बेहतर कोई रास्ता नहीं हो सकता। जिस भारत माता के प्रति हरेक हिन्दुस्तानी अपनी जान का नजराना देने के लिए तैयार रहता है, वे उसके लिए अपशब्द बक रहे हैं। वे भारत में आकर क्यों नहीं भारत माता और भगत सिंह के लिए अपशब्दों का प्रयोग करते। एक बार करके देखें तो सही। उन्हें तब जन्नत की हकीकत को सामने से देखने का मौका मिलेगा। पर ये तो कायर हैं। भारत में करोड़ों सिख जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में श्रेष्ठ काम कर रहे हैं। देश के प्रमुख समाजसेवी जितेन्द्र सिंह शंटी कहते हैं कि उनका जीवन भारत माता को समर्पित है। वे खालिस्तानियों को ललकारते हैं। शंटी लगभग तीन दशकों से लावरिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। उन्होंने कोविड काल में अपने हाथों से दर्जनों अभागे लोगों का अंतिम संस्कार करवाया था। उस समय उन्हें और उनके परिवार के कई सदस्यों को कोविड हो गया था। पर वे हार मानने वाले कहां थे। वे कोविड को हराने के बाद फिर से सड़कों पर उतर गए थे। पद्मश्री पुरस्कार विजेता शंटी ने रक्तदान का सैकड़ा भी बना लिया है। इस बीच, अर्पणा कौर भारतीय समकालीन कला जगत की सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनकी कूची 1984 के सिख विरोधी दंगों और वृन्दावन की विधवाओं पर खूब चली है। अर्पणा कौर के चित्रों में बुद्ध, बाबा नानक और सोहनी-महिवाल भी मिलेंगे। उनके चित्रों में स्त्री पात्र खूब मिलते हैं। उन पर सारा भारत गर्व करता है। करीब दो साल पहले बिजनेस की दुनिया से रिटायरमेंट ले लेने वाले पीआरएस ओबराय से सारा देश परिचित है। ओबराय की निगरानी में राजधानी का ओबराय इंटरकांटिनेंटल होटल 1965 में बना था। उन्हें भारत की होटल इंडस्ट्री का गॉड फादर माना जाता है। मुंबई का द ट्राइडेंट होटल 26/11 हमले में बर्बाद हो गया था। पर पीआरएस ओबराय ने उसे राख के ढेर से फिर खड़ा किया। खालिस्तान की मांग करने वाले याद रख लें कि ओबराय उन पर थूकेंगे भी नहीं।

भारत की चोटी की सिख हस्तियों की बात होगी तो भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी, भारतीय हॉकी टीम के दो पूर्व कप्तानों क्रमशः हरबिंदर सिंह तथा अजीत पाल सिंह का नाम भी लेना होगा। भारत के चौतरफा विकास में सिखों का योगदान अमूल्य रहा है। सारा देश इस सच्चाई को जानता है। बहरहाल, देश को खालिस्तानी तत्वों के साथ किसी भी तरह की रियायत बरतने की जरूरत नहीं है। इन्हें कठोरता से कुचलना होगा।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# प्रासंगिक हैं तीर्थंकर भगवान महावीर के विचार

**योगेश कुमार गोयल**

अहिंसा परमो धर्म का सिद्धांत प्रतिपादित करने वाले भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है, मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है। प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। जैन धर्म के जानकारों के अनुसार भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। हिन्दू पंचांग के अनुसार इस साल चैत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी 03 अप्रैल की प्रातः 6:24 बजे शुरू होगी, जिसका समापन 04 अप्रैल की प्रातः 8:05 बजे होगा। ऐसे में महावीर जयंती 04 अप्रैल को है।

भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है। भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कमार्नुसार ही देव, मनुष्य, नारक व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रुग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं। भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। अहिंसा की तुलना संसार के सबसे महान व्रत से करते हुए उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अतः हिंसा को त्यागिए और जीओ व जीने दो का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अतः आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है। उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरुषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दण्ड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है।

जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महा- व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है।

# जल सुरक्षा में 33 देशों का आंकलन

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर जल एक ऐसा मुद्दा है, जो मानवीय जीवन जीने के लिए अति जरूरी तत्व है, जिसके बिना मानवीय जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती क्योंकि जीवन का दूसरा नाम जल है इसीलिए कहा जाता है जल ही जीवन है। हालांकि वैश्विक स्तरपर जल का सुरक्षित उपयोग करने की अनेक हिदायतें दी जाती है, यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी जल के अत्यधिक उपयोग, अति विकास, जल का अवहनीय इस्तेमाल व प्रदूषण से जल को बचाने के लिए समय समय पर अनेक जन जागरण अभियान से कार्यक्रमों का आयोजन किया है।परंतु हम मानवीय जीव है कि इसे गंभीरता से नहीं लेते हैं। अभी हाल ही में ग्लोबल वाटर सिक्योरिटी रिपोर्ट 2023 नाम से 33 देशों की जल सुरक्षा का आंकलन किया गया है, जिसमें 70 फीसदी से अधिक लोगों के पास साफ पानी की पहुंच नहीं है, जिसकी चर्चा हम नीचे करेंगे।

उसी तरह संयुक्त राष्ट्र जल पर्यावरण और स्वास्थ्य संस्थान तथा यूनेस्को एवं संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन 2023 में भी जल पर चिंता व्यक्त कर सुरक्षा के उपाय साझा किए गए थे, जिसमें जल के लिए साझेदारी और सहयोग मुख्य था। चूंकि ग्लोबल वाटर सिक्योरिटी रिपोर्ट-2023 जलसंबंधी गंभीर ध्यान आकर्षित कर रहा है इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जल मानवता के लिए रक्त की तरह है।

साथियों बात अगर हम ग्लोबल वाटर सिक्योरिटी रिपोर्ट 2023 की करें तो, इस नाम से एक ऐसी रिपोर्ट जारी की गई है जिसमें आने वाले समय में पानी के गंभीर संकट की ओर इशारा किया गया है।इस रिपोर्ट में तीन अलग -अलग भौगोलिक क्षेत्रों के 33 देशों की जल सुरक्षा को लेकर आकलन किया गया है और बताया गया है कि कहां कहां पानी की भारी किल्लत है और कहां कहां पानी की स्थिति अच्छी है। पानी के लिहाज से असुरक्षित देशों के बारे मेंरिपोर्ट में कहा गया है कि चार में से तीन लोग वर्तमान में पानी के लिहाज से असुरक्षित देशों में रहते हैं। इन देशों में पाकिस्तान समेत सोलोमन द्वीप, सूडान, इथियोपिया,अफगानिस्तान, जिबूती, हैती, पापुआ न्यू गिनी शामिल हैं।

# अग्निकांड पीडितों की मुख्यमंत्री करें मदद: प्रभास महासभा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग की अगुवाई में राष्ट्रीय महासचिव साधना आनंद, जिला प्रभारी आकाश सैनी, प्रदेश सचिव विष्णु अग्रहरि, अशोक कुमार, राजा भईया वर्मा, जिला प्रचारक आशीष पटेल, सूरज गुप्ता एवं लवलेश वर्मा आदि ने 31 मार्च को कानपुर के बांसमंडी क्षेत्र में कपड़ा मार्केट में हुए अग्निकांड व एक अप्रैल को प्रयागराज के नेहरू कंपलेक्स में लगी आग से पीड़ित व्यापारियों को पचास-पचास लाख रुपए मुआवजा देने की मांग को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा।



सोमवार को ज्ञापन में कहा कि कानपुर के बांस मंडी क्षेत्र में कपड़ा बाजार एवं प्रयागराज के नेहरू काम्प्लेक्स में हुए अग्निकांड से सैकड़ों व्यापारी तबाह हो गये हैं। व्यापारियों के अरबों रुपए की क्षति हुई है। कई लोग घायल भी हुए हैं, जिसकी भरपाई सम्भव नहीं है। सूबे की सरकार ने शासन-प्रशासन स्तर पर पीड़ित व्यापारियों को राहत देने को कई ठोस कदम उठा रही है। सूबे की सरकार ने पीड़ित व्यापारियों की आर्थिक मदद की तो, बेहद सराहनीय कदम होगा। ज्ञापन में प्रत्येक पीड़ित व्यापारी को पचास-पचास लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की मुख्यमंत्री से मांग की गई।

# डीएम ने देखी पुरवा तरौंहा में केन्द्रीय विद्यालय निर्माण को भूमि

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** तकरीबन दस साल से चल रहे केन्द्रीय विद्यालय के खुद के भवन को जिले में भूमि की तलाश जारी है। अभी तक केन्द्रीय विद्यालय का खुद का भवन न होने से विद्यालय राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी में चल रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने केन्द्रीय विद्यालय के भवन के लिए जमीन देखी है। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिये कि केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य को लेकर भूमि दिखा दें।



सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पुरवा तरौंहा गांव में केंद्रीय विद्यालय निर्माण को शासकीय भूमि देखी। जिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल राजेश कुमार वर्मा से पूंछा कि कितनी शासकीय भूमि है। लेखपाल ने बताया कि सड़क के दोनों ओर साढ़े सात एकड़ भूमि है। मुख्य मार्ग बेड़ीपुलिया से ये भूमि तीन किमी की दूरी पर है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार कर्वी राकेश कुमार पाठक को निर्देश दिए कि जो भूमि आज देखी गई है। इसे केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य से संपर्क कर उनका भ्रमण कराकर केंद्रीय विद्यालय निर्माण को आवंटित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि ये बडे अफसोस की बात है कि केन्द्रीय विद्यालय का संचालन जिले में लगभग दस साल से हो रहा है। अभी तक केन्द्रीय विद्यालय के खुद के भवन के लिए भूमि का चयन नहीं हो सका है। उन्होंने निर्णय लिया कि अब केन्द्रीय विद्यालय के लिए भूमि का आवंटन जल्द किया जायेगा।

## शासन के आदेश पर 10 अप्रैल तक मांगे गए हैं आवेदन

**अयोध्या। राजकीय** कालेज में शिक्षकों के रिक्त पदों पर परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति के आधार पर तैनाती की जाएगी। इसके अलावा राजकीय विद्यालयों के रिटायर्ड शिक्षकों को भी मानदेय के आधार पर तैनात किया जाएगा।
माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इसको लेकर कवायद शुरू कर दी है। राजकीय इंटर कालेज व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त चल रहे हैं। इन पदों को लंबे समय से न भरे जाने की वजह से राजकीय इंटर कालेज व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसको देखते हुए सरकार ने शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए जिला स्तर पर शिक्षकों की तैनाती प्रतिनियुक्ति के आधार पर करने का आदेश दिया है।

# सद्गुरु के सेवा कार्यों से अभिभूत हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत

## ट्रस्ट के कार्यों को खूब सराहा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने दो दिवसीय चित्रकूट प्रवास दौरान संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट में रात्रि विश्राम किया। अगले दिन ट्रस्ट का भ्रमण कर ट्रस्ट से संचालित विभिन्न प्रकल्पों को देखा।
सोमवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्रकल्पों को देखने के बाद कहा कि जैसा सुना था, उससे कहीं अच्छा उन्हें यहां देखने को मिला। भ्रमण दौरान नेत्र रोगियों को अपने हाथों से चश्मा पहनाकर दवा देकर उनका हालचाल जाना। संघ प्रमुख ने सदगुरु कांफ्रेंस हाल में सेवा कार्य पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हमारे संगठन में सेवा सर्वोपरि है। सेवा एक ऐसी वस्तु है कि जिसकी की जाए उसका उद्धार करती है, साथ ही जो सेवा करता है उसका भी आत्मोत्थान करती है। यहां सेवा में संलग्न सभी



कार्यकर्ताओ को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में सेवा का अवसर बहुत भाग्य से मिलता है। वे सभी से कहते हैं कि अपनी पूरी क्षमता से सेवा कार्य में लगे रहें। इस ट्रस्ट के हो रहे कार्यों के बारे में बहुत सुन रखा था, आज प्रत्यक्ष रूप से देखने का मौका मिला। यहां सेवा के विस्तार को देखकर प्रसन्नता हुई। नेत्र रोगियों के साथ संत सेवा, गौ सेवा और नारी को आत्मनिर्भर बनाने के हो रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि विशद भाई के वह अतिथि नहीं, इसी परिवार के सदस्य हैं। पूज्य रणछोड़दास जी महाराज के संस्थान में हो रहे सेवा कार्यों से सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। इस मौके पर विशद मफतलाल, रूपल मफतलाल, मिलोनी बेन, उर्विजा बेन, ट्रस्टी विष्णु जोबनपुत्रा, डॉ बीके जैन, मनोज पंड्या, एमबी रघुनाथ, इलेश जैन समेत सद्गुरु परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## गैंगस्टर में निरुद्ध चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मिजार्मुराद। मिजार्मुराद** पुलिस ने रविवार को गैंगस्टर एक्ट में वांछित चार अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दी। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने बताया कि मुखबिर सद सूचना प्राप्त हुई की गैंगेस्टर में निरुद्ध चारो अभियुक्त क्षेत्र के भिखीपुर मोड़ के पास मौजूद है जिस पर पुलिस टीम के साथ घेरे बन्दी कर चारों अभियुक्त चोलापुर थाना क्षेत्र के खुटहाँ दानगंज निवासी चंद्र प्रकाश यादव, मिजार्मुराद के प्रतापपुर गांव निवासी कमलेश राजभर, काली प्रसाद व सुरेश कुमार पाल को गिरफ्तार करने के बाद लिखा पढ़ी जेल भेजा गया। चारों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 3(1) के तहत गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई हुई थी।इनके ऊपर मोबाइल चोरी के मुकदमे दर्ज है व इनके द्वारा गैंग बनाकर क्षेत्र में दहशत फैलाकर अपराध करने का भी आरोप था।

## पुलिस इंस्पेक्टर संजय शुक्ला ने खून देकर बचाई लड़की की जान

**बलिया। बलिया** शहर कोतवाली के क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर संजय शुक्ला ने सोशल मीडिया पर बलिया ज़िला चिकित्सालय के इमरजेंसी में बेड नंबर 27 पर भर्ती बांसडीह तहसील के सुल्तानपुर गांव निवासी लड़की सोनम सिंह जिसे ओ पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है। सूचना पढ़कर रविवार को इमरजेंसी में पंहुच गए और इलाजरत लड़की को एक यूनिट ब्लड डोनेट किया।
गौरतलब हो कि इंस्पेक्टर शुक्ला कई महानगरों में अपनी सेवा दे चुके हैं। इन दिनों बलिया शहर कोतवाली में हैं। एक व्हाट्सएप पर मदद की अपील सूचना प्रसारित होने पर वह तुरंत जिला अस्पताल में पहुंच गए। बिना पूछे कहे जो बच्ची के शरीर में खून नहीं था उन्होंने तुरंत अपना खून उस बच्ची को डोनेट किया है पुलिस महकमे में आज भी ऐसे अच्छे लोग हैं जिन की जितनी तारीफ की जाए कम है वैसे तो पुलिस महकमे को लोग देखना नहीं चाहते हैं लेकिन पुलिस ऐसी चीज है जो 24 घंटा शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना दायित्व निभाती है उसमें से एक हैं संजय शुक्ला भी है। कई लोगों ने उनको बधाई दिए हैं समाजसेवी अफसर भाई उन्हें दिल से मुबारकबाद दिया है इसके अलावा अविनाश कुमार सिंह जो शहर बलिया के निवासी हैं उन्हें भी शुक्रिया अदा किया है कृष्णकांत पांडेय ने भी तहे दिल से शुक्रिया अदा किया है।

## नए सत्र के अवसर पर एक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बलिया। प्राथमिक** विद्यालय अलावलपुर शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज पर नए सत्र के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अंजली तोमर सअ द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाई गई जिसमें स्कूल चले हम स्लोगन का भी अंकन किया गया।
विद्यालय के मुख्य द्वार को गुब्बारों से सजाया गया इससे बाद सभी बच्चों का रोरी चंदन से तिलक लगाया गया। अंजली तोमर एक एक बच्चों के पुष्प वर्षा करते हुए विद्यालय में प्रवेश कराया साथ में संध्या पाण्डेय, अवधेश कुमार भी बच्चों का स्वागत किये। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव ने सभी बच्चों को पेंसिल, कटर, रबर प्रदान किये। साथ सभी बच्चों से अपील भी किये आप नियमित विद्यालय आये क्योंकि निरंतरता बहुत ही आवश्यक है। सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम का संचालन जनपद की नावचारी शिक्षिका अंजली तोमर ने किया।

## कानपुर का कॉम्प्लैक्स अग्निकांड : 60 घंटों के बाद भी जारी आग का धधकना

**कानपुर। यहां** जिले में अबतक के सबसे बड़े बांस मंडी स्थित थोक कपड़ा बाजार अग्निकांड में 60 घंटों के बाद भी आग का धधकना पूरी तरह से बंद नहीं हो पाया है। आज समाचार लिखे जाने तक भी दमकल कर्मी उस पर पूरी तरह से काबू पाने की कोशिश में लगातार जुटे हुए हैं। इस लगी भीषण आग में 600 दुकानें जलकर राख हो चुकीं हैं। आग बुझाने के प्रयास युद्ध स्तर पर शुरू किए गए थे लेकिन 60 घंटे बीत जाने के बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है।
कुल मिलाकर कानपुर में बांस मंडी स्थित थोक कपड़ा बाजार में लगी भीषण आग 60 घण्टे बाद भी धधक रही है। एनडीआरएफ के जवान लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, इस ब्लॉक में स्थित 16 घरों में लगी आग पर काबू पा लिया गया है।
अवगत कराते चलें कि बीते गुरुवार की देर रात करीब डेढ़ बजे एआर कॉम्प्लेक्स में शार्ट सर्किट से आग भड़की आग में 4 अन्य इमारतें भी चपेट में आकर जलने लगीं थीं।

# प्रधानाध्यापिका ने एसडीएम को गुमराह कर बंटवाई पुस्तकें

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर रामनगर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय राजापुर में कक्षा चार व पांच के छात्र-छात्राओं निःशुल्क पुस्तकें बांटी गई हैं। प्रधानाध्यापक श्रीमती निहारिका श्रीवास्तव ने बेसिक शिक्षा विभाग को गुमराह कर कक्षा पांच पास हो चुके छात्रों को एसडीएम के साथ खडा कर पुस्तकें बंटवाई हैं।




सोमवार को ये आरोप तुलसी तीर्थ राजापुर के समाजसेवी रामगणेश ने लगाये हैं। उन्होंने एसडीएम राजापुर को लिखे पत्र में कहा कि उन्हें साथ खडाकर कक्षा पांच पास कर चुके छात्र प्रदीप पुत्र रामकरन सोनकर, अंचल पुत्र राजेश सोनकर, छोट्टन पुत्र शिवप्रसाद कपाडिया तथा संस्कार पब्लिक स्कूल राजापुर ने कक्षा चार के छात्र विष्णु पुत्र भुल्लू, जो संस्कार पब्लिक स्कूल की डेज्स में है, इन्हें पुस्तक बांटते देखा जा सकता है। इसका सत्यापन विद्यालय के अन्य छात्रों, विद्यालय स्टाफ व प्रवेश पंजिका में लगी फोटो से किया जा सकता है। पुस्तक वितरण की फोटो खींचने के बाद प्रधानाध्यापिका निहारिका श्रीवास्तव ने सभी बच्चों से पुस्तक वितरण के बंडल विद्यालय में ही रखवा लिए थे।

उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों की सह से प्रधानाध्यापिका निहारिका श्रीवास्तव पहले भी कई बार शासनादेश का उल्लंघन कर चुकी हैं। विद्यालय में बच्चों से बाल श्रम करवाती हैं। किचन का काम भी कराती हैं। विद्यालय की छात्रा से अपने घर में बाल मजदूरी करवाती हैं। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी गई है। इनके खिलाफ आज तक कोइ कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने शासन व प्रशासन की योजनाओं का मजाक बनाने वाली प्रधानाध्यापिका के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# 13 के सम्मेलन को शानू ने महिलाओं को सौंपी जिम्मेदारी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने 13 अप्रैल को होने वाले व्यापारी महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर महिला प्रकोष्ठ की बैठक में महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी।
सोमवार को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के महामंत्री शानू गुप्ता ने 13 अप्रैल को कर्वी में होने वाले व्यापारी महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष महिला शकुंतला गुप्ता के आवास पर महिला पदाधिकारियों की बैठक की। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव में



व्यापारियों की भागीदारी व सुरक्षा, सम्मान तथा समस्याओं के निदान को 13 अप्रैल को व्यापारी महासम्मेलन मंदाकिनी पैलेस कर्वी में होगा। जिसमें चित्रकूट जिले से लेकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों, नगर पंचायतों से भी व्यापारी प्रतिनिधि शामिल होंगे।

उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष समेत संगठन के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में शकुन्तला गुप्ता ने कहा कि भारी तादाद में सम्मेलन में महिलायें शामिल होंगी। शीला रैकवार को महिला प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।
इस मौके पर महामंत्री पूजा गुप्ता, नगर संगठन मंत्री रीता मिश्रा, उपाध्यक्ष पुष्पा केसरवानी, कोषाध्यक्ष संध्या गुप्ता, महामंत्री मंजुला निषाद, मंत्री जयंती रैकवार, उपाध्यक्ष आराधना सोनी, कंचन सोनी, मीना श्रीवास्तव आदि महिला पदाधिकारी मौजूद रही।

# डीएम की पहल पर कोलगदहिया में हुई चौकस सफाई

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली के जिलाधिकारी को शहर से सटे कोलगदहिया गांव में भारी गन्दगी व्याप्त होने बाबत पत्र सौंपा था। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की पहल पर सफाई कर्मियों की टीम ने गांव पहुंचकर बडे पैमाने पर सफाई कार्य किया। सफाई टीम ने रमजान माह के मद्देनजर बेहतर ढंग से गांव की सफाई की।



सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीओ पंचायत की अगुवाई में सफाई कर्मियों की टीम कोलगदहिया गांव पहुंची। गांव में सफाई कर्मियों ने गांव की चोक पडी नालियों की बेहतर ढंग से साफ-सफाई किया। गांव की सभी गलियों एवं रास्तों की चैकस सफाई की गई। रमजान माह के मद्देनजर सफाई कर्मियों ने गांव में फैली गन्दगी को नालियों से निकालकर दूर कचरा निपटान क्षेत्र में फेंका। एडीओ पंचायत ने कमेटी के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली को भरोसा दिया कि जब तक गांव की चैकस सफाई नहीं हो जाती, तब तक गांव में सफाई कर्मियों की टीम बनी रहेगी।

गांव के लोगों ने जिलाधिकारी की पहल की भूरि-भूरि सराहना की है। गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ने जिलाधिकारी का तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित कर कहा है कि उन्होंने रमजान माह में सफाई व्यवस्था कराकर बेहतर कदम उठाया है।

# न्यूज झरोखा

## डीएम के सामने क्राप कटिंग में मिला 14 किलो गेहूं

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील कर्वी के अहमदगंज गांव पहुंचकर किसान भइयालाल के गाटा संख्या 92 में त्रिभुजाकार आकार में आधा बिस्वा .0043 हे खेत में गेहूं की क्रॉप कटिंग कटाई कराई।



सोमवार को जिलाधिकारी की मौजूदगी में गेहूं की कटाई व थ्रेसर से कतराई हुई। वेट मशीन से वजन कराने पर 14 किलो गेहूं निकला। उन्होंने किसान भइयालाल से पूंछा कि कितनी जमीन है। किसान ने बताया कि उसके पास तीन बीघा भूमि है। जिलाधिकारी ने सांख्यिकी इंस्पेक्टर को निर्देश दिए कि लाही, सरसों की क्राफ्ट कटिंग का डाटा सभी तहसीलों से लेकर अवगत कराएं।
इस मौके पर तहसीलदार कर्वी राकेश कुमार पाठक, कानूनगो सुधीर बाबू, लेखपाल राजेश कुमार वर्मा, सांख्यिकी इंस्पेक्टर संतोष कुमार, एडीओ कृषि धीरेंद्र यादव, दयाशंकर, गोविंद कुमार समेत संबंधित लोग मौजूद रहे।

## दो अन्तर्जनपदीय चोर दबोचकर तीन मोटरबाइक बरामद



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही सरधुआ थाना पुलिस ने अन्तर्जनपदीय दो वाहन चोरों को दबोचकर चोरी की तीन मोटरबाइकें बरामद की है।
सोमवार को सरधुवा थाने के दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सुरसेन चैराहा से औदहा जाने वाले मार्ग पर चोरी की मोटरबाइक के साथ अनुराज कुमार गुप्ता उर्फ मुनीम पुत्र स्व राजकुमार गुप्ता निवासी मोदीनगर शंकरगढ़ जिला प्रयागराज व विजय कुमार तिवारी पुत्र माताबदल तिवारी निवासी अरछा बरेठी थाना सरधुवा को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से तीन मोटरबाइकें बरामद की। पूंछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि यह मोटरबाइक उनकी नही है। इसे शंकरगढ़ से चुराया था। दो और मोटरबाइकों को अलग-अलग स्थानों से चुराकर बरद्वारा माइनर रोड पर दाहिनी ओर बगीचे में छुपाकर रखा है। उन्ही मोटरबाइकों को बेंचवाने को विजय कुमार तिवारी को साथ लेकर जा रहा था। दबोचे चोरों की निशानदेही पर दो और मोटरबाइकें बरामद कर लीं। इस बाबत मामला दर्ज किया गया। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही ललित सोनी शामिल रहे।

## लोकजन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने रमेश भूषण



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** लोकजन शक्ति पार्टी (रामविलाश) के किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्र एड ने शंकर बाजार कर्वी के रमेश भूषण पुत्र स्व शिवभूषण प्रसाद को पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया है।
सोमवार को लोकजन शक्ति पार्टी (रामविलाश) के किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय धर्मेन्द्र मिश्र ने सूबे के मुख्य सचिव, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक समेत रमेश भूषण को भेजे पत्र में कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनके कुशल अगुवाई में पार्टी प्रदेश स्तर पर मजबूत होगी। राजनैतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।
उन्होंने कहा कि रमेश भूषण पार्टी व राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## ओक्लाहोमा सिटी बार में ताबड़तोड़ फायरिंग, तीन लोगों की मौत

**ओक्लाहोमा।** अमेरिका के ओक्लाहोमा स्थित व्हिस्की बैरल सैलून में रात करीब 10 बजे हुई फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि तीन लोगों को मौके पर मृत पाया। तीन अन्य लोगों को घटनास्थल से अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। यह बार (व्हिस्की बैरल सैलून) न्यूकैसल रोड के पास है। इसके अलावा साउथ रॉफ एवेन्यू में रात करीब 9 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। गोलीबारी के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

## ह्यूस्टन विवि में स्थापित होगी भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की पीठ

**ह्यूस्टन (टेक्सास)।** अमेरिका के ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में जल्द ही भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की पीठ स्थापित होगी। इसका प्रमुख मकसद तमिल भाषा साहित्य और संस्कृति पर शोध को बढ़ावा देना है। इस संबंध में आईसीसीआर और ह्यूस्टन विश्वविद्यालय ने 29 मार्च को समझौता किया है।

यह भारतीय अध्ययन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के विश्वविद्यालय में वर्षों से हो रहे प्रयासों का सबसे बड़ा नतीजा है। विश्वविद्यालय की प्रमुख रेणु खाटोर ने इसके लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद का आभार जताया है। रेणु 2008 से इस विश्वविद्यालय का नेतृत्व कर रही है। विश्वविद्यालय की अगुवाई करने वाली वह पहली प्रवासी भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अध्ययन की आईसीसीआर पीठ के पद पर भारत के विद्वान आसीन होंगे। यह विद्वान तमिल भाषा के विशेषज्ञ होंगे। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत असीम महाजन ने इस समझौते पर खुशी जताई है। महाजन ने कहा है कि तमिल भाषा को दुनिया की सबसे पुरानी भाषा माना जाता है। यह अमेरिका में बोली जाने वाली शीर्ष पांच भाषाओं में शामिल है। अमेरिका में लगभग तीन लाख तमिल-अमेरिकी हैं।

## बैठक के लिए अमेरिका जाएंगे पाकिस्तानी वित्त मंत्री, 1 बिलियन डॉलर के मदद की आस

**इस्लामाबाद।** विश्व बैंक की वार्षिक बैठक और अमेरिका के साथ बातचीत करने जा रहे अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व पाकिस्तानी वित्त मंत्री इशाक डार करेंगे। मीटिंग में पैसों से जूझ रहे देशों को 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद मिल सकती है। पाकिस्तानी लोकल न्यूज के मुताबिक, प्रतिनिधि मंडल में शामिल वित्त और आर्थिक मामलों के विभागीय सचिव और स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर के साथ डार आईएमएफ और विश्व बैंक को डॉलर के लिए प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल 10 से 16 अप्रैल तक आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक वसंत बैठक में भाग लेगा। पाकिस्तान वाशिंगटन स्थित आईएमएफ से 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि का इंतजार कर रहा है।

**पाकिस्तान ने की आर्थिक मदद की मांग**

2019 का आईएमएफ का यह कार्यक्रम 30 जून 2023 को खत्म हो जाएगा, जिसे आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। 9वीं समीक्षा, जो लंबित है वह 2022 दिसंबर में पूरी होनी थी। 10वीं समीक्षा फरवरी 2023 से शुरू होनी थी। वहीं 11वीं समीक्षा 3 मई से शुरू होने वाली थी। पाकिस्तान और आईएमएफ महीनों से 7 अरब डॉलर के आईएमएफ कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। सरकार का कहना है कि उन्होंने रुके हुए आईएमएफ कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने के लिए सभी कड़े फैसले लिए हैं।

**ऐसे बढ़ रही महंगाई**

पाकिस्तान के पास विदेशी मुद्रा खत्म हो चुका है। ऐसे में यहां की सरकार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से कर्ज चाााहिए। इसके लिए जो शर्तें हैं, वो काफी कठिन हैं। इन शर्तों को पूरा करने के चक्कर में ही महंगाई दर बढ़ रही है। मार्च महीने में सीपीआई मुद्रास्फीति 50 साल के उच्च स्तर 35.37 प्रतिशत पर पहुंच गई है। जानकारों का कहना है कि अभी इसमें और बढ़ोतरी होगी। केंद्रीय बैंक ने बढ़ती मुद्रास्फीति का मुकाबला करने के लिए बेंचमार्क ब्याज दर को 300 बीपीएस को 20 फीसदी तक बढ़ा दिया है।

**अभी और बिगड़ेगी हालत**

पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक देश में पिछले कई महीनों से सामानों के दाम में बढ़ोतरी देखने को मिली है। वार्षिक मुद्रास्फीति पिछले साल जून से 20 फीसदी ज्यादा है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी अपने मासिक आर्थिक अपडेट और आउटलुक कहा है कि महंगाई आने वाले दिनों में और भी बढ़ सकती है। इसके पीछे का कारण ऊर्जा और ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी और केंद्रीय बैंक की नीतियों को बताया गया है।

## चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण में 'तुर्किये के गांधी' से पिछड़े राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन

**अंकारा।** तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन को देश के भीतर जोरदार राजनीतिक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में हुए चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण में वे तुर्किये के गांधी कहे जाने वाले कमाल किलिकडारोग्लू से पिछड़ गए हैं।

तुर्किये में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर गहमागहमी तेज है। 2003 से 2014 तक तुर्किये के प्रधानमंत्री और फिर 2014 से राष्ट्रपति के रूप में काम संभाल रहे रेसेप तईप एर्दोगन इस बार चुनाव में छह विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार कमाल किलिकदरोग्लु की कड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं। कमाल किलिकडारोग्लू को 'तुर्किये का गांधी' कहा जाता है। कमाल तुर्किये में लोगों के हक, सामाजिक न्याय और लोकतंत्र की लड़ाई लड़ते हैं। तुर्किये की मीडिया भी उन्हें कमाल गांधी कहता है। वह महात्मा गांधी की




तरह का चश्मा पहनते हैं। हालिया चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण में एर्दोगन को अपने प्रतिद्वंद्वी कमाल की तुलना में दस प्रतिशत कम मत मिले हैं। उनकी पार्टी को 45 प्रतिशत और कमाल विपक्षी गठबंधन को 55 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान जताया गया है। एर्दोगन की लोकप्रियता में आई कमी के पीछे खराब आर्थिक नीतियों के कारण देश की बदहाली को बड़ा कारण माना जा रहा है।

तुर्किये में 57 प्रतिशत के आसपास महंगाई दर के कारण मुद्रास्फीति नियंत्रण से बाहर हो गई है। तुर्किये की करेंसी लीरा लगातार कमजोर हो रही है।

## भारत से दोस्ती बहाल करने का पूर्व सेना प्रमुख बाजवा ने डाला था दबाव : इमरान खान

### भारत के साथ पिछले दरवाजे से वार्ता नहीं, लेकिन शांतिपूर्ण पड़ोस की इच्छा दोहराई

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा ने भारत के साथ दोस्ती बहाल करने का दबाव डाला था। इमरान खान ने कहा कि अगर देश में दिनों के भीतर चुनाव नहीं हुए तो, देश में संविधान नहीं बचेगा और फिर वह सीधी कार्रवाई करेंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने कहा कि बाजवा भारत के साथ दोस्ती चाहते थे और इसके लिए उन पर अक्सर दबाव भी बनाते थे। इमरान खान ने आरोप लगाया कि बाजवा एक दिन कुछ कहते थे और अगले दिन मुकर जाते थे, जबकि सेना में रहते उन्हें जवाबदेह होना चाहिए था। इमरान खान ने कहा कि अगर देश में 90 दिनों के भीतर चुनाव नहीं हुए तो, देश में संविधान नहीं बचेगा और फिर वह सीधी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने फिर से



इनकार किया है कि वह सीमावर्ती भारत के साथ पिछले दरवाजे से वार्ता कर रहे थे, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने शांतिपूर्ण पड़ोस की अपनी इच्छा दोहराई है। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच कोई पिछले दरवाजे से वार्ता नहीं हो रही है, दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध पिछले कई सालों से स्थिर हैं।

## फिनलैंड: आम चुनाव में हार कर तीसरे स्थान पर पहुंची प्रधानमंत्री सना मारिन की पार्टी

**हेलसिंकी।** फिनलैंड में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री सना मारिन की पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। दक्षिणपंथी नेता पेटेरी ओरपो की पार्टी नेशनल कोलिशन पार्टी ने मारिन सोशल डेमोक्रेट पार्टी को चुनाव में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है।

प्रधानमंत्री सना मारिन को देश के आम चुनावों में बहुत कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा है। सना मारिन की पार्टी ने फिनलैंड की संसद में अपनी सीटों की संख्या तो बढ़ाई किन्तु राष्ट्रीय स्तर पर मतों के मामले में तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। चुनाव में पहले स्थान पर रही दक्षिणपंथी नेता पेटेरी ओरपो की नेशनल कोलिशन पार्टी को इस चुनाव में 20.8 प्रतिशत वोट मिले। दूसरे स्थान पर एक अन्य दक्षिणपंथी पार्टी पॉपुलिस्ट फिन्स पार्टी रही। पॉपुलिस्ट फिन्स पार्टी को 20.1 प्रतिशत वोट मिले। प्रधानमंत्री सना मारिन की सोशल डेमोक्रेट पार्टी को 19.9 प्रतिशत वोट के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। यूक्रेन के साथ खुलकर खड़े होने और हाल ही में यूरोपीय यूनियन की सदस्यता के



लिए फिनलैंड का पथ प्रशस्त होने से खासी चर्चित रहीं सना मारिन की लोकप्रियता पार्टी को चुनाव में जीत दिलाने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई। नेशनल कोलिशन पार्टी की ओर से जीत का दावा किए जाने के ठीक बाद मारिन ने अपनी पार्टी की हार स्वीकार कर ली। चुनाव परिणामों के बाद नेशनल कोलिशन पार्टी के नेता पेटेरी ओरपो ने कहा कि फिनलैंड के लोग कुछ बदलाव देखना चाहते हैं और वे इन बदलावों के लिए ही सभी पार्टियों के साथ समझौता करेंगे। दूसरे स्थान पर रही दक्षिणपंथी पॉपुलिस्ट फिन्स पार्टी की नेता रीक्का पुर्रा ने नेशनल कोलिशन पार्टी को बधाई दी और कहा कि वे अपनी पार्टी के प्रदर्शन पर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव में टॉप करने वाले दल की मुख्य विपक्षी पार्टी बन गई है। चुनाव में सात सीट ज्यादा हासिल करना अपने आप में जबरदस्त सफलता है।

## कनाडा-अमेरिका सीमा के पास मिले मृतकों में 2 की पहचान हुई, भारतीयों की शिनाख्त बाकी

**टोरंटो।** अमेरिका-कनाडा सीमा के पास मृत पाए गए आठ लोगों में से दो की पहचान कर ली गई है जबकि चार भारतीयों की शिनाख्त अभी होनी बाकी है। पुलिस मौत के कारणों और हालात का पता लगाने जुटी है। पुलिस को क्यूबेक, ओंटारियो और न्यूयॉर्क राज्य के आसपास अकवेसाने इलाके में एक नदी के पास आठ लोगों के शव मिले थे।

पुलिस के अनुसार मृतकों में भारतीय और रोमानियाई मूल के दो परिवार थे, जो कनाडा से अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे थे। इनमें तीन साल से कम उम्र के दो बच्चे भी थे, दोनों कनाडा के नागरिक थे।

पुलिस ने कहा कि चार भारतीय नागरिकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस का मानना है कि वे अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस सूत्र का हवाला देते हुए एक रिपोर्ट में कहा गया था कि तीन व्यक्ति गुजरात के एक परिवार के सदस्य थे।

सूत्र ने कहा कि मारे गए गुजराती परिवार के सदस्यों में करीब 50 और 20 वर्ष के दो पुरुष और लगभग 20 वर्ष की एक महिला शामिल है। चौथे भारतीय नागरिक की उम्र और




लिंग की पहचान अभी नहीं हुई है।

एक व्यक्ति की पहचान 28 वर्षीय फ्लोरिन लोर्डेक के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा है कि उसके पास से कनाडा के पासपोर्ट मिले हैं। एक पासपोर्ट उसके दो साल के बच्चे जबकि दूसरा पासपोर्ट एक साल के शिशु का है। दोनों बच्चों के शव भी बरामद हुए हैं। खबर में अकवेसाने मोहोक पुलिस सेवा का हवाला देते हुए कहा गया है, एक महिला की पहचान 28 वर्षीय क्रिस्टीना (मोनालीसा) जेनाइडा लोर्डेक के रूप में हुई है। वह फ्लोरिन की पत्नी और बच्चों की मां थी।

## नेपाल में आरएसपी अध्यक्ष लामिछाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने के विरुद्ध दोहरे पासपोर्ट मामले में मुकदमा नहीं चलाने के सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। पुलिस द्वारा पूरे प्रकरण की गहन छानबीन के बाद नेपाल के अटॉर्नी जनरल ने लामिछाने के खिलाफ मामले को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला लिया था। इस फैसले को युवक युवराज पौडेल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। लामिछाने चितवन-2 संसदीय सीट का उपचुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। पिछले साल 20 नवंबर को हुए संसदीय चुनाव में उन्होंने चितवन-2 क्षेत्र से जीत हासिल की थी। नागरिकता विवाद में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उनकी संसद सदस्यता खत्म हो गई थी।



इसके बाद से ही यह सीट रिक्त है। चितवन-2 के साथ ही बारा-2 संसदीय सीट पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होगा। तीन अप्रैल को नामांकन की आखिरी तारीख है। लामिछाने तीन अप्रैल को बतौर उम्मीदवार नामांकन दाखिल करने की तैयारी में हैं। आरएसपी अध्यक्ष लामिछाने ने पार्टी की स्थापना के छह महीने के अंदर 20 नवंबर, 2022 को हुए संसदीय चुनाव में 20 सीटें जीतीं। आरएसपी नेपाल की प्रतिनिधि सभा में चौथी सबसे बड़ी पार्टी है।

## इस्त्राइल के पूर्व राजदूत को अदाणी ग्रुप ने दी बड़ी जिम्मेदारी, इस देश में संभालेंगे कंपनी का काम

**इस्त्राइयली।** भारत में इस्त्राइल के पूर्व राजदूत रॉन मल्का ने बताया कि उन्होंने हाइफा पोर्ट कंपनी (एचपीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है। ये हाइफा पोर्ट अदाणी ग्रुप का है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन और इस्त्राइल के गैडोट ग्रुप के एक कंसोर्टियम ने पिछले साल जुलाई में इस्त्राइल में हाइफा के रणनीतिक ... करने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। अदाणी और गैडोट का



अनुभव और विशेषज्ञता, बंदरगाह के कर्मचारियों के समर्पण के साथ हाइफा पोर्ट को नए स्तर पर ले जाएगा।'

**2018 से 2021 के बीच भारत में रहे इस्त्राइल के राजदूत**

मल्का ने 2018 से 2021 तक भारत में इस्त्राइल के राजदूत के रूप में कार्य किया। हाइफा का बंदरगाह शिपिंग कंटेनरों के मामले में इस्त्राइल में दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह है और शिपिंग पर्यटक क्रूज जहाजों में सबसे बड़ा है। इस साल जनवरी में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य शीर्ष इस्त्राइली अधिकारियों ने अदाणी समूह द्वारा इस्त्राइली बंदरगार के संभालने के समारोह में भी शिरकत की थी।' इस्त्राइल सरकार को उम्मीद है कि अदाणी समूह के देश में प्रमुख प्रवेश से विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा के क्षेत्र में अधिक भारतीय निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

## पाकिस्तानी मंत्री का दावा- अगले महीने रूस से आएगा सस्ता तेल, गरीब और अमीर के लिए होंगे अलग-अलग दाम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेट्रोलियम राज्यमंत्री मुसादिक मलिक ने दावा किया है कि अगले महीने रूस से सस्ते तेल की खेप देश पहुंच जाएगी। मंत्री का कहना है कि इस्लामाबाद ने मॉस्को के साथ समझौता किया है। तेल की पहली खेप अगले महीने कार्गो से पाकिस्तान पहुंच जाएगी।

मलिक ने जनता को आश्वत किया है कि सरकार लोगों को सस्ता तेल उपलब्ध कराएगी। गरीब और अमीर वर्ग के लिए अलग-अलग दाम तय किए जाएंगे। पाकिस्तान राजकोषीय परेशानी से जूझ रहा है, इसलिए हम तलाश में थे कि कैसे हम सस्ते दामों में तेल आयात कर सकें। सरकार ने इस ओर काम किया और अब उम्मीद है कि अमीर और गरीब वर्ग के लिए अलग-अलग बिलिंग की जाएगी। टैरिफ की घोषणा के बाद से समाज के गरीब वर्ग को राहत मिलेगी। बता दें, पाकिस्तानी पेट्रोलियम डिवीजन काफी समय से रूस से 50 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल कच्चा तेल खरीदने की कोशिश कर रहा था, जो अमेरिका से 10 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल कम है। हालांकि,



रूस से समुद्री रास्ते से तेल आने में करीब एक महीना लग जाएगा। तेल सौदे में शामिल अधिकारियों ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले पेमेंट का तरीका, शिपिंग लागत और बीमा लागत जैसी शर्तें पूरी कर ली गई थी। रूस के साथ तेल समझौता, पाकिस्तान की राजनीति में भी एक विवादित मुद्दा था। पूर्व प्रधानमंत्री ने दावा किया है कि उनकी सरकार ने ही ऐसी विदेश नीति बनाई थी, जिसमें भारत की तरह पाकिस्तान को भी सस्ते में रूस से तेल मिल सके।

**मलिक भी रूस के दौरे पर गए थे**

हालांकि, मौजूदा सरकार ने भी तेल आयात के लिए मॉस्को के साथ समझौते करने का प्रयास किया था। अक्टूबर 2022 में वित्त मंत्री इशाक डार ने कहा था कि देश रूस से तेल डिस्काउंट पर खरीदने की तैयारी कर रहा है। बाद में तेल और गैस आपूर्ति के लिए मलिक भी रूस के दौरे पर गए थे। इसके अलावा जनवरी में रूसी प्रतिनिधिमंडल समझौते को अंतिम रूप देने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा था।

## ग्लोबल मार्केट से मिले जुले संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जले संकेत नजर आ रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक 1.26 प्रतिशत से लेकर 1.74 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे थे। यूएस फ्यूचर्स में भी फिलहाल तेजी का रुख नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए थे। वहीं एशियाई बाजार आज मिलाजुला कारोबार करता है दिख रहा है।

पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट में तेजी का रुख बना था। बैंकिंग सेक्टर में स्थिरता आने की उम्मीद से बाजार को सपोर्ट मिला है। इसी वजह से पिछले कारोबारी सत्र के दौरान डाओ जोंस 415.12 अंक यानी 1.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 33,274.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,109.31 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के अपने कारोबार का अंत किया था। इसके अलावा नैस्डेक 208.44 अंक यानी 1.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 12,221.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

यूरोपीय बाजार भी पिछले कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे थे। एफटीएसई इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,631.74 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.81 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,322.39 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के अपने कारोबार का अंत किया था। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 106.44 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,628.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर बढ़त की स्थिति नजर आ रही है। अभी तक के कारोबार में सेट कंपोजिट इंडेक्स, हैंगसेंग और कोस्पी इंडेक्स के अलावा सभी सूचकांक हरे निशान में कारोबार करते नजर आ रहे हैं। एसजीएक्स निफ्टी 0.01 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 17,419 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निक्केई इंडेक्स 141.79 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 28,183.27 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अभी तक के कारोबार में स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.68 प्रतिशत उछलकर 3,281.15 अंक के स्तर पर बना हुआ है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.2 3 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,820.91 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,291.06 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।